दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। मंगलवार 11 नवम्बर -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 323 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास बम धमाके से दहली दिल्ली

## मुंबई से लेकर यूपी तक हाई अलर्ट

## दस की मौत, 24 घायल

## पीएम मोदी ने की शाह से फोन पर बात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम एक धमाका हो गया। यह धमाका मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में हुआ है। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास खड़े वाहनों तक के परखच्चे उड़ गए। साथ ही दस लोगों की मौत हो गई और 24 लोग घायल भी हुए हैं। धामके की सूचना पर दमकल की कुल 7 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक टीम भी मौके पर है। विस्फोट के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

धमाका शाम 6 बजकर 55 मिनट पर हुआ और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू लिया है।

**प्रत्यक्षदर्शियों ने बयां की आंखों देखी :** धमाका इतना तेज था कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, 'मैं गुरुद्वारे में था जब मैंने एक तेज आवाज सुनी। हम समझ ही नहीं पाए कि वह क्या थी, वह इतनी तेज थी। आस-पास खड़े कई वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।'

धमाके के बाद स्थानीय निवासी राजधर पांडे ने बताया, 'मैंने अपने घर से आग की लपटें देखीं और फिर नीचे आकर देखा कि क्या हुआ है। जोरदार धमाका हुआ। मैं पास में ही रहता हूं।'


बता दें कि लाल किला क्षेत्र दिल्ली के सबसे ज्यादा व्यस्त और घनी आबादी वाले इलाके में शामिल है। दिल्ली अग्निशमन विभाग के अनुसार, लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास खड़ी एक कार में विस्फोट की सूचना मिली, जिसके बाद आसपास खड़ी तीन से चार गाड़ियां भी आग की चपेट में आ गईं और क्षतिग्रस्त हो गईं।





## धमाका शाम 6 बजकर 55 मिनट पर हुआ

### गृहमंत्री अमित शाह अस्पताल पहुंचे, अधिकारियों से ली जानकारी



दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम एक धमाका हो गया। यह धमाका मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में हुआ है। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास खड़े वाहनों तक के परखच्चे उड़ गए। साथ ही नौ लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल भी हुए हैं। धामके की सूचना पर दमकल की कुल 7 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक टीम भी मौके पर है। विस्फोट के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

### बंद रहेगा चांदनी चौक का बाजार

मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय भार्गव ने कहा, लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद मंगलवार को चांदनी चौक बाजार बंद रहेगा।



### गृह मंत्री बोले- सभी संभावनाओं की करेंगे जांच

आज शाम करीब 7 बजे, दिल्ली में लाल किले के पास सुभाष मार्ग ट्रैफिक सिग्नल पर एक हुंडई कार में धमाका हुआ। इस विस्फोट में कुछ राहगीर घायल हुए और कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए। प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि कुछ लोगों की जान चली गई है। विस्फोट की सूचना मिलने के 10 मिनट के भीतर, दिल्ली क्राइम ब्रांच और दिल्ली स्पेशल ब्रांच की टीमें मौके पर पहुंच गईं। एनएसजी और एनआईए की टीमों ने एफएसएल के साथ मिलकर अब गहन जांच शुरू कर दी है। आस-पास के सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच के आदेश दिए गए हैं। मैंने दिल्ली के पुलिस आयुक्त और स्पेशल ब्रांच प्रभारी से भी बात की है।

### दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने प्रकट किया शोक



दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, लाल किले के पास हुए धमाके की खबर बेहद चिंताजनक है। बताया जा रहा है कि इसमें कुछ लोगों की जान भी गई है, ये बेहद दुखद है। पुलिस और सरकार को तुरंत इसकी जांच करनी चाहिए कि ये धमाका कैसे हुआ और क्या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश तो नहीं है। दिल्ली की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

### फोरेंसिक टीम ने लिए नमूने

लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास हुए विस्फोट के बाद फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मौके से नमूने लिए हैं।

### धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास की दुकानों के शीशे और खिड़कियां टूट गईं

यह विस्फोट लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास खड़ी एक कार में हुआ, जिसके बाद आसपास खड़ी अन्य गाड़ियों में भी आग लग गई। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास की दुकानों के शीशे और दरवाजे-खिड़कियां टूट गईं, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। कार धमाके में कई लोग घायल हो गए।

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद गाजियाबाद में हाई अलर्ट

## पुलिस कमिश्नर, एडिशनल सीपी, डीसीपी और एसीपी ने संभाली दिल्ली से सटे इलाकों की सुरक्षा कमान

### - गाजीपुर बॉर्डर, यूपी गेट, आनंद विहार सहित मॉलों की पार्किंग ,मेट्रो स्टेशन, दिल्ली से लगे इलाकों में बैरिकेडिंग लगाकर चलाया गया चेकिंग अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम धमाके के बाद गाजियाबाद पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। खुद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड दिल्ली से सटे ट्रांस हिंडन के इलाकों में पुलिस बल के साथ पहुंचे। इस दौरान डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ अलग-अलग इलाकों में निकले। इस दौरान गाजीपुर बॉर्डर, कौशांबी, इंदिरापुरम, आनंद विहार बस अड्डा, शालीमार गार्डन और तुलसी निकेतन इलाके में पुलिस बल के साथ चेकिंग एवं सुरक्षा अभियान चलाया गया। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से गाजियाबाद पुलिस के अधिकारियों ने लोगों से किसी भी प्रकार से पैनिक ना होने की अपील की है। उधर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। दिल्ली में जिस तरीके से बम धमाके में बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है, उसके बाद पूरे उत्तर प्रदेश और गाजियाबाद-नोएडा को विशेष तौर पर अलर्ट मोड में रखा गया है।



कौशांबी बस अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते कमिश्नर जे रविंदर गौड

### बॉर्डर इलाकों में हुई वाहनों की संघन जांच और पुलिस कमिश्नर खुद रहे मौजूद

करंट क्राइम : दिल्ली में बम धमाके के बाद गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड अलर्ट मोड पर रहे। उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड पर उतरने का निर्देश और चेकिंग अभियान चलाने का सेट पर आदेश दिया। साथ ही पुलिस के व्हाट्सएप ग्रुप पर भी अलर्टनेस रखने का संदेश दिया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को संवेदनशील इलाकों पर नजर रखने के साथ ही किसी भी सूचना पर तत्काल एक्शन लेने और मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया गया। इस दौरान शिप्रा मॉल की पार्किंग, यूपी गेट, कौशांबी-दिल्ली एंट्री एग्जिट प्वाइंट, आनंद विहार बस अड्डा, वैशाली मेट्रो स्टेशन, आरटीएस स्टेशन साहिबाबाद, नया बस अड्डा, शालीमार गार्डन दिल्ली में पॉइंट और तुलसी निकेतन से लेकर पुराने बस अड्डे रेलवे स्टेशन गाजियाबाद और बस अड्डे के आसपास पुलिस बल को तैनात किया गया।

## दिल्ली कार विस्फोट के बाद उत्तर प्रदेश में अग्निशमन विभाग हाई अलर्ट पर

### अपर पुलिस महानिदेशक पद्मजा चौहान ने दिए कड़े निर्देश





**लखनऊ, करंट क्राइम।** दिल्ली में हुए कार विस्फोट और उससे उत्पन्न हालात को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने राज्यभर में अग्निशमन विभाग को हाई अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश जारी किए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक (अग्निशमन एवं आपात सेवा) पद्मजा चौहान ने कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में अग्निशमन अधिकारियों और कर्मचारियों को पूर्ण तैयारी एवं तत्परता की दशा में रहने के आदेश दिए गए हैं।

उन्होंने निर्देशित किया कि संवेदनशील स्थानों, प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक स्थलों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा स्थानीय पुलिस और प्रशासन के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखा जाए। विभाग के सभी इकाइयों को यह भी कहा गया है कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तात्कालिक प्रतिक्रिया और राहत कार्य के लिए संसाधनों को हर समय तैयार रखा जाए।

इन निदेशों के अनुपालन में समूचे उत्तर प्रदेश में अग्निशमन विभाग सक्रिय और अलर्ट मोड में है तथा निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है।

### सोशल मीडिया पर भी रहेगी पैनी नजर



करंट क्राइम : इस मामले में गाजियाबाद पुलिस के एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय केशव चौधरी ने कहा है कि गाजियाबाद पुलिस के सभी स्तर के अधिकारी सोशल मीडिया और अपने जोन और सर्किल में संवेदनशील रहेंगे। किसी भी सूचना पर तत्काल पुलिस की गाड़ियां मौके पर पहुंचेगी। साथ ही रिजर्व पुलिस फोर्स को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है।



गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर डीसीपी सिटी धवल जायसवाल पुलिस बल के साथ



यूपी गेट पर दिल्ली धमाके के बाद चेकिंग अभियान में जुटी पुलिस

### संदिग्ध वाहनों और लावारिस वाहनों की जांच अभियान शुरू



करंट क्राइम : सिहानी गेट थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर खड़े लावारिस वाहनों और संदिग्ध नजर आ रहे हैं वाहनों की जांच की। इस दौरान एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय, एसएचओ सचिन कुमार तो वहीं घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में भी पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इसके साथ ही कवि नगर, लोनी व खोड़ा इलाके में भी पुलिस टीमों ने फ्लैग मार्च निकालने का काम किया।



# बिहार विधानसभा चुनाव
# दूसरे चरण का मतदान आज
## 18 फीसदी दलितों ने दिया साथ तो मिलेगा ताज




**पटना।** बिहार चुनाव के दूसरे चरण के तहत मंगलवार को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार का शोर रविवार को थम गया है। इस चरण में सबकी निगाहें दलित और मुसलमान मतदाताओं पर है। जनादेश की चाबी 18 फीसदी दलित मतदाताओं के हाथ में है, जिनकी सौ सीटों पर परिणाम का पलड़ा इधर से उधर झुकाने की ताकत है। इसके अलावा इसी चरण में सीमांचल समेत तीन दर्जन सीटों पर प्रभावशाली उपस्थिति रखने वाले मुसलमान समुदाय के भविष्य की राजनीति के संकेत भी छिपे हैं।

बीते चुनाव के मुकाबले इस बार की परिस्थिति थोड़ी अलग है। पिछली बार राजग का साथ देने वाली वीआईपी अब महागठबंधन के साथ है तो अपने दम पर चुनाव लडने वाले चिराग इस बार एनडीए को रौशन करने में जुटे हैं। विपक्षी महागठबंधन के इतर एआईएमआईएम के बाद जनसुराज पार्टी भी खुद को मुलसमानों का रहनुमा साबित करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। तब कांटे की टक्कर में राजग विपक्षी महागठबंधन से 17 सीटें अधिक जीत कर हांफते-कांपते बहुमत के जादुई आंकड़े को छूने में कामयाब रहा था।

**महागठबंधन पर भारी पड़ा था एनडीए :** बीते चुनाव में एनडीए को महागठबंधन के मुकाबले 1.6% अधिक वोट मिले थे। हालांकि इसी बढ़त की बदौलत उसे महागठबंधन के 49 सीटों के मुकाबले 66 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। राजग को अंग प्रदेश, तिरहुत और मिथिलांचल में जबकि राजद को मगध क्षेत्र में अच्छी बढ़त हासिल हुई थी। सीमांचल में कांटे के मुकाबले और एआईएमआईएम की उपस्थिति के कारण राजग को मामूली बढ़त हासिल हुई थी।

**अंतिम चरण में दलित बिरादरी सबसे अहम :** इस चरण में सबसे अहम दलित बिरादरी है। कुल 18 फीसदी की हिस्सेदारी रखने वाली दलित बिरादरी में 13 फीसदी महादलित (इनमें 2.5 फीसदी मुसहर) और पांच फीसदी पासवान (दुसाध) बिरादरी से हैं। करीब सौ सीटें ऐसी हैं, जहां हर सीट पर इस बिरादरी के मतदाताओं की आबादी 30 से 40 हजार के बीच है। चिराग के अपने दम पर चुनाव लडने के कारण जदयू को सीधे-सीधे 22 सीटों का नुकसान हुआ था।

## नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप, कहा- बंगाल, तमिलनाडु, झारखंड की पुलिस क्यों नहीं बुलाई

लॉ एंड ऑर्डर के मामले में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 14 नवंबर को परिणाम आने के बाद 18 नवंबर को शपथ लेकर 26 नवंबर से 26 जनवरी के बीच सभी अपराधियों को जेल भेजा जाएगा।
- प्रेस कांफ्रेंस में तेजस्वी यादव बोले



**पटना।** पटना के पोलो रोड में दूसरे चरण के मतदान से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उनके साथ सांसद मीसा भारती भी मौजूद रहीं। तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से पूछा कि चुनाव में भाजपा शासित प्रदेशों से ही सुरक्षा बल क्यों बुलाई गई। 208 कंपनियां भाजपा शासित राज्य की लगाई गई हैं। 68% पुलिस ऑबजर्वर बीजेपी शासित राज्यों से हैं। तेजस्वी ने सवाल पूछा कि बंगाल तमिलनाडु झारखंड की पुलिस क्यों नहीं मंगवाई गई।

**पीएम ने बाहुबलियों के लिए प्रचार किया :** तेजस्वी यादव ने कहा कि, हमलोग विकास की बात कर रहे हैं। पीएम कट्टे की। पता नहीं वो कौन सा वेब सीरीज देख रहे हैं। पीएम ने आपराधिक छवि के लोगों के साथ मंच साझा किया। सृजन घोटाले के मुख्य आरोपी विपिन शर्मा से एयरपोर्ट पर मिले और पीठ थपथपाई। प्रधानमंत्री ने अनंत सिंह, हुलास पांडेय जैसे बाहुबलियों के लिए भी प्रचार किया।

**जनता बदलाव के मूड में है :** तेजस्वी यादव ने कहा कि उन्होंने सबसे अधिक 171 सभाएं की हैं। कोई ऐसा जिला, ब्लॉक नहीं बचा जहां हम नहीं गए। लोगों का मूड बदलाव का है। 20 साल पुरानी सरकार को बदलना है। 20 साल राज करने के बाद भी एनडीए सरकार ने बिहार को सबसे पीछे किया। तेजस्वी यादव ने कहा कि, बिहार के लोग इस बार इतिहास रचने जा रहे है।

बिहार में 2 उप मुख्यमंत्री हैं, उनसे हमने सदन में पूछा कि, बिहार किस चीज में आगे है। वो बता दो। दोनों में से कोई नहीं बता पाया।

# दिल्ली की फिजा में 'जहर' बरकरार
## दिल्ली के आसमान में धुंध... एक्यूआई 400 के करीब




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की हवा लगातार जहरीली बनी हुई है। सोमवार की सुबह शहर के कई इलाकों में घना स्मॉग छाया रहा। जिससे वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई है। एम्स के आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 378 दर्ज किया गया।

ड्रोन से ली गई सुबह की तस्वीरों में बारापुल्ला ब्रिज और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के आसपास के क्षेत्र घने स्मॉग की चादर में लिपटे हुए दिखाई दिए। यहां एक्यूआई 310 के स्तर पर था, जिसे 'बहुत खराब' की श्रेणी में रखा गया है। इसी तरह इंडिया गेट और कर्तव्य पथ पर भी एक्यूआई 326 दर्ज किया गया, जो शहर की बिगड़ती हवा की ओर इशारा करता है।

इस बीच, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली सरकार पर वायु गुणवत्ता डेटा में हेरफेर करने का आरोप लगाया है। दिल्ली में आप के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सरकार प्रदूषण को कम दिखाने के लिए एक्यूआई निगरानी स्टेशनों को बंद कर रही है। जिन जगहों पर एक्यूआई अधिक है, वहां छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि सरकार का इरादा प्रदूषण कम करना नहीं, बल्कि इसके आंकड़ों को कम दिखाना है। भारद्वाज ने कहा कि लोगों का गुस्सा सरकार के धोखे और डेटा के साथ छेड़छाड़ के कारण है।

### वायु प्रदूषण पर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दिल्ली के इंडिया गेट पर बढ़ते वायु प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे नागरिकों को निशाना बनाने के लिए केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वच्छ हवा का अधिकार₹ एक मौलिक मानवाधिकार है और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने भाजपा पर 'वोट चोरी' और बिगड़ते प्रदूषण संकट के प्रति उदासीनता का आरोप लगाया। उन्होंने लाखों भारतीयों के स्वास्थ्य और भविष्य की रक्षा के लिए तत्काल और निर्णायक कार्रवाई का आग्रह किया। राहुव ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ रहा है, और जो लोग इस गंभीर समस्या के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, उन्हें सरकार द्वारा दबाया जा रहा है। यह सरासर अन्याय है। स्वच्छ हवा हर नागरिक का अधिकार है, और इस अधिकार के लिए शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करने वालों को अपराधी समझना गलत है।

### पीएम10 और पीएम2.5 का स्तर रहा इतना

दूसरी ओर, शाम चार बजे हवा में पीएम10 की मात्रा 316.4 और पीएम2.5 की मात्रा 189.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। सीपीसीबी के अनुसार, राजधानी के कई मॉनिटरिंग स्टेशनों पर हवा गंभीर और बेहद खराब में रिकॉर्ड की गई, जबकि कुछ इलाकों में एक्यूआई मध्यम रहा। दीपावली के बाद से दिल्ली में कई इलाकों में एक्यूआई खराब और बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है, जबकि ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान-2 (ग्रेप-2) के प्रतिबंध अब भी लागू हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, दिल्ली में निर्माण से होने वाले प्रदूषण की 2.66 और पेरिफेरल उद्योग की 3.49 फीसदी की भागीदारी रही।

### दिल्ली में लग सकता है ग्रेप 3

दिल्ली में लगातार खराब होती जा रही वाय गुणवत्ता को लेकर केंद्रीय गुणवत्ता प्रबंधन (सीएक्यूएम) आयोग ग्रेप का तीसरा चरण लगा सकती है। अगर एक्यूआई 400 के पार जाएगा, तो संभव है कि ग्रेप 3 लग सकता है। दिल्ली में ग्रेप 3 तब लगाता है, एक्यूआई गंभीर श्रेणी में पहुंच जाता है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर इसे पहले भी 350 के करीब भी लागू किया गया है। इसके बाद गैर-जरूरी निर्माण और तोड़फोड़ जैसे कार्यों पर रोक लग जाती है और स्कूलों में हाइब्रिड मोड लागू करने जैसे कदम उठाए जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम की परिस्थितियों और वाहनों से निकलने वाले धुएं की वजह से वायु में प्रदूषण का स्तर सामान्य से थोड़ा अधिक हो सकता है।

**लगातार 26वें दिन खराब हवा रही :** सीपीसीबी के अनुसार, दिल्लीवासियों ने रविवार को लगातार 26वें दिन खराब हवा में सांस ली। इस सीजन में 14 अक्तूबर को दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई थी।

इसके बाद से लगातार ही प्रदूषण का स्तर खराब या बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है। दिल्ली में इस बार पहले तो नियमित अंतराल पर पश्चिमी विक्षोभ आते रहे। इसके चलते मई और जून में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई। इसके बाद अच्छे मानसून के चलते जुलाई, अगस्त और सितंबर में भी बारिश का आंकड़ा सामान्य से ज्यादा रहा।

# आतंकी साजिश: 12 सूटकेस से 360 केजी विस्फोटक बरामद
## डॉक्टर के घर से राइफल समेत हथियारों का जखीरा मिला, एक इमाम भी पकड़ा



**फरीदाबाद।** हरियाणा पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में फरीदाबाद से भारी मात्रा में आईईडी बनाने की सामग्री और गोला-बारूद की बरामदगी के संबंध में एक डॉक्टर और एक मुस्लिम धर्मगुरु को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा की जा रही जांच के दौरान हुई है।

फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर सतेंद्र कुमार गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह एक संयुक्त ऑपरेशन है जो हरियाणा और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच चल रहा है। इस ऑपरेशन के तहत, एक आरोपी डॉ. मुजम्मिल को पकड़ा गया है। कल, लगभग 360 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट जब्त किया है। यह आरडीएक्स नहीं है। फरीदाबाद के फतेहपुर टागा क्षेत्र से कश्मीरी डॉक्टर मुज्जमिल को पकड़ा था। जो नमाज अदा करने आता था। पुलिस ने अल्फलाह मेडिकल कॉलेज से 3 किलोमीटर आगे फतेहपुर तगा गांव में इमाम के घर रेड शुरू की।

'पढ़े लिखे लोगों को बनाया जा रहा स्लीपर सेल'

### एक बड़े हमले की साजिश थी: डिप्टी सीएम केशव मौर्य



इस घटना पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केपी मौर्य ने कहा कि देश के सुरक्षा एजेंसियां राष्ट्र के दुश्मनों का पता लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के दुश्मन हर तरह की कोशिश करते हैं, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां उन सभी प्रयासों को विफल करती हैं। यह एक बड़ी सफलता है। यह देश में एक बड़े हमले की साजिश थी। आतंकवाद मुक्त भारत की दिशा में यह एक बड़ी सफलता है।

इस मामले पर यूपी के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा, ₹यह सब कुछ 'टच एंड गो' जैसा था। यह एक वेक-अप कॉल है कि दुश्मन हमारे दरवाजों के अंदर है। यदि वे तीन क्विंटल विस्फोटक सामग्री की तस्करी कर सकते थे।

# दिल्लीवालों के लिए अच्छी खबर : 31 दिसंबर तक खुलेंगे 187 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर




**नई दिल्ली।** दिल्ली में 31 दिसंबर तक 187 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुलने जा रहे हैं, अभी दिल्ली में 168 आरोग्य मंदिर चल रहे हैं। नए साल तक दिल्ली में 355 आरोग्य मंदिर हो चुके होंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली सरकार नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार ठोस और गंभीर प्रयास कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि लोगों को अपने घर के पास ही समुचित चिकित्सा सुविधाएं मिलें, ताकि उन्हें बार-बार अस्पतालों के चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने कहा है कि दिल्ली में ज्यादा से ज्यादा आरोग्य मंदिर खोले जाएंगे, अच्छे डाक्टर उपलब्ध होंगे, लोगों को उनके घर के पास ही अच्छा इलाज मिल सकेगा। इससे सरकारी अस्पतालों पर मरीजों का बोझ कम होगा। वहां ओपीडी में भीड़भाड़ कम हो सकेगी।

इन केंद्रों में ओपीडी सेवा, बाहरी प्रयोगशाला जांच, मुफ्त दवाइयां, गर्भावस्था और प्रसवकालीन इलाज, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य देखभाल, परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं, नेत्र एवं ई.एन.टी. (कान, नाक और गला) देखभाल, प्राथमिक दंत चिकित्सा सेवा, वृद्धों की देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य रोगों की प्रारंभिक जांच व उपचार तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। इनके लिए सरकार गंभीरता के साथ काम कर रही है।

# दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवक ने खुद को मारी गोली, धरना स्थल पर कट्टा लेकर पहुंचा था




**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रोटेस्व वाली जगह पर आज सुबह करीब 9:00 बजे एक शख्स ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। यह प्रदर्शनकारी यहां पर कट्टे के साथ आया था और उसने कट्टे से खुद को गोली मारकर अपनी जिंदगी खत्म कर ली। पुलिस ने बताया कि वह यहां पर धरना प्रदर्शन करने आया था और दिल्ली पुलिस ने उसे इसकी अनुमति भी दी थी।

प्रदर्शनकारी ने दिल्ली पुलिस के द्वारा लगाए गए मेटल डिटेक्टर गेट के पास बनी एक चाय की दुकान के पास खुद को गोली मारी। लोगों का मानना है कि यह आदमी मध्य प्रदेश का रहने वाला था और यहाँ प्रदर्शन करने आया था।

प्रदर्शनकारी अपने साथ एक कट्टा लेकर आया था, जिसका उपयोग उसने खुद को गोली मारने के लिए किया। यह घटना धरना प्रदर्शन शुरू होने से ठीक पहले सुबह 9:00 बजे के आसपास हुई। उसने चाय की दुकान के पास आत्महत्या की, जो मेटल डिटेक्टर गेट के करीब स्थित थी।

**पुलिस जांच और कार्रवाई :** आत्महत्या की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है कि आखिर यह कट्टा प्रदर्शन स्थल तक कैसे पहुँचा और उसने यह कदम क्यों उठाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

# तिरुपति मंदिर लड्डू घोटाला: 250 करोड़ का गड़बड़झाला




**नई दिल्ली।** देश के सबसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में चढ़ाए जाने वाले लड्डू प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी से जुड़ा बड़ा घोटाला सामने आया है। सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि उत्तराखंड की एक डेयरी ने 5 साल तक तिरुपति मंदिर को 68 लाख किलो नकली घी की सप्लाई की, जिसकी कीमत करीब 250 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

सीबीआई की विशेष जांच टीम ने बताया कि ह्यभोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरीह्न, जो 2019 से 2024 तक घी की आपूर्ति कर रही थी, उसने कभी दूध या मक्खन की असली खरीदारी नहीं की, बल्कि रासायनिक पदार्थों जैसे मोनोडाईग्लिसराइड्स और एसिटिक एसिड एस्टर का इस्तेमाल कर कृत्रिम घी तैयार किया। जांच एजेंसी ने यह जानकारी आरोपी अजय कुमार सुगंध की गिरफ्तारी के बाद दी, जिसने इन केमिकल्स की सप्लाई डेयरी को की थी।

सीबीआई रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तराखंड के भगवानपुर में स्थित इस डेयरी के संचालक पोमिल जैन और विपिन जैन ने नकली देशी घी यूनिट बनाई और दूध खरीद के झूठे रिकॉर्ड तैयार किए।

### श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मुज्जफरनगर मेडिकल कॉलेज के फाउंडर चेयरमेन रहे स्वर्गीय सतीश गोयल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। स्वर्गीय सतीश गोयल के पुत्र पीयूष गोयल, पुत्रवधु मोनिका गोयल, पुत्रवधु रितु गोयल, दामाद राजीव गोयल तथा पुत्री मृदुला गोयल ने स्वर्गीय सतीश गोयल को श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्री सतीश चंद्र गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रृद्धांजलि सभा में परमार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष वीके अग्रवाल सहित कई प्रमुख गणमान्य लोगों ने भी स्वर्गीय सतीश गोयल को श्रृद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन संस्मरणों को साझा किया।

# 15 लोगों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सरकार से रिपोर्ट तलब

**राजस्थान।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राजस्थान के फलौदी में हुए दर्दनाक सड़क हादसे, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए, पर स्वतः संज्ञान लिया।

न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय विश्नोई की पीठ ने राजमार्गों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह दो सप्ताह के भीतर विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करें, जिसमें राजस्थान के राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित ढाबों और अन्य स्थापनाओं की संख्या एवं स्थिति का ब्योरा दिया जाए।



इसके साथ ही अदालत ने सड़क की स्थिति के संबंध में भी रिपोर्ट तलब की। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता ए.एस. नाडकर्णी को मामले में न्याय मित्र नियुक्त किया और निर्देश दिया कि राजस्थान के मुख्य सचिव को पक्षकार के रूप में शामिल किया जाए, ताकि वे मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करें। राजस्थान सरकार की ओर से उपस्थित अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने अदालत को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार पूर्ण सहयोग करेगी और इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर न्यायालय की हर प्रकार से सहायता करेगी।

अदालत ने इसके अतिरिक्त आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में हुए समान सड़क हादसे का भी संज्ञान लिया और निर्देश दिया कि आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव को भी पक्षकार बनाया जाए।

# एयरपोर्ट पर मुस्लिमों के नमाज पढ़ने का कथित वीडियो वायरल
## भाजपा ने सीएम सिद्धारमैया- खरगे को घेरा



**बंगलूरू।** कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू में स्थित केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-2 पर कुछ लोगों के नमाज अदा करने का कथित वीडियो वायरल होने के बाद कर्नाटक में राजनीतिक विवाद छिड़ गया है।

विपक्षी दल भाजपा ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। वायरल वीडियो में कुछ मुस्लिमों को टर्मिनल-2 में नमाज पढ़ते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान पास खड़े सुरक्षा कर्मियों को यह घटनाक्रम देखते हुए दिखाया गया।

भाजपा की कर्नाटक इकाई के प्रवक्ता विजय प्रसाद ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और मंत्री प्रियांक खरगे से पूछा कि क्या नमाज अदा करने वालों ने सार्वजनिक स्थल पर ऐसा करने के लिए सरकार द्वारा हाल ही में बनाए गए नियमों के तहत कोई अनुमति ली थी। उन्होंने शनिवार देर रात एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, बंगलूरू अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-2 के अंदर यह कैसे अनुमति दी जा सकती है? क्या मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और मंत्री प्रियांक खरगे इस पर सहमत हैं? भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सरकार ने हाल ही में ऐसे नियम बनाए थे, जिनका मकसद आरएसएस की गतिविधियों को सीमित करना था।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 • नई दिल्ली। मंगलवार 11 नवम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

## 23 से 25 दिसंबर तक महामाया स्टेडियम में होगा सांसद खेल महाकुंभ



## गाजियाबाद की युवा प्रतिभाएं देश का गौरव, खेल स्पर्धा बने उनका मंच : सांसद अतुल गर्ग

### तैयारियों को लेकर बैठक में लिए गए अहम निर्णय



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में सोमवार को सांसद अतुल गर्ग की अध्यक्षता में 'सांसद एवं विधायक खेल स्पर्धा' को लेकर जिला स्तरीय मुख्य कार्यकारी समिति की अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी सांसद खेल स्पर्धा की रूपरेखा, आयोजन स्थल, प्रतिभागियों के पंजीकरण और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अतुल गर्ग ने कहा कि गाज़ियाबाद के युवा खेल के क्षेत्र में लगातार नाम कमा रहे हैं। सांसद खेल स्पर्धा का उद्देश्य इन्हें एक बड़ा मंच देना और गाँव से लेकर शहर तक खेल संस्कृति को मजबूत करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर विधानसभा क्षेत्र में खिलाड़ियों के पंजीकरण की रूपरेखा तय की जाए और आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाएँ – जैसे पेयजल, प्राथमिक उपचार, शौचालय और सुरक्षा – सुनिश्चित की जाएं।

सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 23, 24 और 25 दिसंबर 2025 को महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम, गाज़ियाबाद में प्रस्तावित है। इससे पहले विधानसभावार विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा, जिनके विजेता खिलाड़ी जिला स्तर पर हिस्सा लेंगे।

### खिलाड़ियों के लिए होगा विशेष प्रबंध



करंट क्राइम। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विधानसभा के विधायक से समन्वय स्थापित कर आयोजन स्थल और तिथि तय की जाए। जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि कुमार और जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र को आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने और आवश्यक व्यवस्थाओं की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले के सभी विद्यालयों और कॉलेजों को पत्र भेजकर निर्देश दिया जाएगा कि वे अपने खेल प्रशिक्षकों और प्रधानाचार्यों के माध्यम से अधिक से अधिक टीमों की भागीदारी सुनिश्चित करें।

### बैठक में उपस्थित अधिकारी

बैठक में जिला क्रीड़ा अधिकारी, एनसीसी कार्यकारी अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी लोनी, स्काउट-गाइड अधिकारी, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी, नगर पालिका परिषद खोड़ा के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बार एसोसिएशन चुनाव : पहले दिन हुए अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन, सचिव पर एक

### आज नामांकन प्रक्रिया का है अंतिम दिन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद बार एसोसिएशन के वर्ष 2025-26 के कार्यकारिणी चुनाव का नामांकन सोमवार से शुरू हुआ। सोमवार को कचहरी गाजियाबाद में चुनावी हलचल देखने को मिली है। तो वकील अपने-अपने खेमा के साथ नजर आए हैं। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए नामांकन के पहले दिन ब्रह्मदेव त्यागी, अतुल्य शर्मा और चंद्रकांत शर्मा ने नामांकन किया है। तो वहीं सचिव पद के लिए सोमवार को शशिकांत भाटी द्वारा ही केवल नामांकन किया गया है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद की एल्डर कमेटी द्वारा चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों के पर्चे ले लिए गए हैं। इनकी जांच होगी और फिर नाम वापसी के बाद अंतिम सूची तैयार होगी। जानकारी दी गई है कि 14 नवंबर को गाजियाबाद बार एसोसिएशन का चुनाव आयोजित किया जाएगा।

### वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सह सचिव के लिए हुए नामांकन

करंट क्राइम : एल्डर कमेटी की वरिष्ठ सदस्य शबनम खान ने जानकारी दी है कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए अशोक चौधरी, आदेश कुमार गर्ग, श्रीमती पंकज श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिंह तो कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए अतुल त्यागी, रुचिन मेहरा, कोषाध्यक्ष के लिए पूनम गुप्ता, सचिन कुमार सैन, सह-सचिव प्रशासन के लिए गुलफाम सिद्दीकी सह-सचिव पुस्तकालय के लिए मयंक श्रीवास्तव द्वारा नामांकन किया गया है। बता दें कि मंगलवार को नामांकन का दूसरा और अंतिम दिन रहेगा।

### एसीपी कवि नगर और थाना प्रभारी ने संभाली सुरक्षा कमान

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस ने भी अपनी ओर से तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को नामांकन के पहले दिन एसीपी कवि नगर सूर्य बलि मौर्य और थाना प्रभारी कवि नगर अनुराग शर्मा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। साथ ही लोकल इंटेलीजेंस की टीमें भी अलर्ट मोड पर रही।

## पार्षद शीतल चौधरी ने दिखाए तेवर, कहा पुलिस नहीं कर रही है मेरा फेवर

**- कहा आज पार्षदों के साथ करूंगी पुलिस कमिश्नर से मुलाकात, पुलिस क्यों नहीं दिखा रही है क्रेटा कार हमले की फुटेज**

करंट क्राइम फॉलोअप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी की पार्षद शीतल चौधरी ने आहत होकर कहा है कि पुलिस उनका फेवर नहीं कर रही है। साथ ही पुलिस की अब तक की जांच से वह संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह बीते लगातार 10 दिनों से एसीपी कवि नगर और थानाध्यक्ष मधुबन बापूधाम से संपर्क कर रही हैं लेकिन पुलिस उनको अलग-अलग स्थानों की फुटेज मुहैया नहीं करवा रही है, जिससे वह साबित कर पाए कि उनके साथ किस प्रकार से घटनाक्रम हुआ था। वहीं उन्होंने इस बात को भी दैनिक करंट क्राइम को बातचीत के दौरान जानकारी दी है कि जब वह घटना के समय कवि नगर थाने पहुंची थी, तो उनकी गाड़ी में गोली का छेद था, गाड़ी में पीछे के हिस्से का शीशा कैसे टूटा उनको नहीं पता है।

### पार्षद शीतल चौधरी ने कहा है कि पुलिस से उठ रहा है विश्वास



करंट क्राइम : पार्षद पुलिस के अधिकारियों से मिल रही हैं, खुलासे के लिए सभी से संपर्क कर रही हैं लेकिन पुलिस ने अबतक इस मामले में ना तो फोरेंसिक रिपोर्ट दिखाई है, ना सीसीटीवी की फुटेज और ना ही कोई भी गिरफ्तारी या किसी से पूछताछ ही हुई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि उनकी एसीपी कवि नगर से बात हुई थी, जिस पर उन्होंने सोमवार की शाम तक फुटेज उपलब्ध कराने की बात की थी लेकिन जब शीतल चौधरी ने उनसे फुटेज मांगी तो, उन्होंने महिला कर्मचारी नहीं होने की बात कहते हुए मामले को रोक दिया। जिससे उनका पुलिस की जांच से विश्वास उठ रहा है।

### हो गए दस दिन नहीं हुआ खुलासा

करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी की पार्षद शीतल चौधरी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सस्पेंस खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं पुलिस और फॉरेंसिक की रिपोर्ट अभी तक बाहर नहीं आ रही है, जिसकी वजह से पूरे घटनाक्रम पर सवाल बने हुए हैं। पार्षद शीतल चौधरी पर हमले हुए 10 दिन हो गए हैं लेकिन पुलिस अबतक इस मामले में कोई खुलासा नहीं कर पाई है। पुलिस के शीर्ष अधिकारी इस मामले में बोलने से बच रहे हैं। तो वहीं पार्षद शीतल चौधरी लगातार पुलिस के अधिकारियों और थाना पुलिस से खुलासे के लिए गुहार लगा रही हैं।


### निगम की बैठक में ना उठ जाए पार्षद पर हमले का मामला

करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी की महिला पार्षद शीतल चौधरी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस अभी तक कोई खुलासा नहीं कर पाई है। तो वहीं भाजपा पार्षदों के बीच चर्चा है कि 12 नवंबर को नगर निगम की बोर्ड बैठक है, इस मामले में पार्षद यूनियन इस विषय को उठा सकती है। तो वहीं खुलासे की मांग को लेकर भी कोई रणनीति बन सकती है। कुल मिलाकर जिस तरीके से महिला पार्षद पर क्रेटा कार में हवाई फायरिंग हुई थी, इस मामले में पुलिस अभी तक खुलासे की ओर नहीं बढ़ पा रही है। वहीं फॉरेंसिक की रिपोर्ट और कोई सुराग न मिलाना लगातार सवालों की घेरे में आ रहा है। बता दें की शीतल चौधरी पर सेक्टर-23 जाते हुए कमला नेहरू नगर रहीसपुर मार्ग पर जानलेवा हमला हुआ था।

# निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष को लेकर कोर कमेटी की बैठक पर छाया सस्पेंस

### सांसद से लेकर अध्यक्ष के बोल बता रहे हैं कुछ तो है डिस्टेंस

गाजियाबाद करंट क्राइम। नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक 12 नवंबर को होनी है। निगम कार्यकारिणी में 12 सदस्य हैं। ये 12 सदस्य 12 नवंबर को कार्यकारिणी की बैठक करें तो यहां सबसे पहला मुद्दा निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुनने का होगा। ये निगम की व्यवस्था है और उपाध्यक्ष चुना जाना जरूरी है। सवाल ये है कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष को लेकर लॉबिंग शुरू हो गई है। सदन में भाजपा का बहुमत है निगम कार्यकारिणी में भाजपा का बहुमत है। लिहाजा ये तो तय है कि डिप्टी मेयर यानी कार्यकारिणी उपाध्यक्ष भाजपा का ही आयेगा। मगर ये तय नहीं है कि कौन सा चेहरा आयेगा। इस बार कहानी भाजपा की परम्पराओं से अलग हट कर चल रही है। पूर्व में ये होता आया है कि उपाध्यक्ष के नाम पर कोर कमेटी की मुहर लगती है और नाम पर मेयर की संस्तुति होती है और फिर यही नाम चुन लिया जाता है। इस बार नाम तो नदिया पार से लेकर लाईन पार तक चल रहे हैं। मगर सीन ये है कि कोई नहीं चलाता और तीर चल रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि सभी का अपना अपना नाम है और सब अपने अपने नाम को रखना भी चाहते हैं और वो इस सिफारिश को सार्वजनिक भी नहीं करना चाहते। सीन में लाईन पार के देवनारायण शर्मा का नाम है। सीन में विनील दत्त का नाम है। सीन में वाईल्ड कार्ड एन्ट्री को लेकर संभावना प्रवीण चौधरी को लेकर बताई जा रही है। वहीं नदिया पार से गौरव सौलंकी का नाम है। सबसे बड़ी बात ये है कि संगठन की तरफ से बुलाई जाने वाली कोर पर किसी ने भी गौर नहीं किया है। जिस नाम को फाईनल करने से पहले कोर पर जोर रहता था अब उसी कोर को इग्नोर किया




जा रहा है। आज बैठक हुई तो हो जायेगी वरना बुधवार को तो चुनाव होना ही है। सूत्र बताते हैं कि कोर की बैठक को लेकर सस्पेंस है और यहां सांसद, विधायक, मेयर के डिस्टेंस भी दिखाई दे रहे हैं।

निगम वाले ही ये कह रहे हैं कि परम्परा तो ये है कि नाम संगठन तय करे और संगठन इस बैठक में निर्णय नहीं लेता है तो फिर हमेशा के लिए ये परम्परा पड़ेगी। क्योंकि एक परिपाटी बन जायेगी तो फिर आने वाले समय में इसके साईड इफैक्ट आयें। अगर बिना कोर के नाम आयेगा तो कल कोई पार्षद जीडीए बोर्ड के चुनाव में भी खुद खड़ा हो जायेगा। वैसे भी निगम कार्यकारिणी का चुनाव दो बार तो होता ही है और अगर यहां फ्रेंडली फाईट भी हुई तो यहां कोर के अस्तित्व पर खतरा पैदा होता दिख रहा है। संगठन सर्वोपरि होता है और अगर संगठन को निर्णय लेने की ताकत नहीं दी जायेगी तो ये एक नई परम्परा की शुरूआत होगी।

### चार सदस्य पहुंचे सांसद के घर और सांसद ने कहा सर्वसम्मति के साथ

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि सोमवार को नगर निगम कार्यकारिणी के चार सदस्य लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के आवास पर पहुंचे। इनमें निगम पार्षद गौरव सौलंकी, निगम पार्षद अमित त्यागी, निगम पार्षद देवनारायण शर्मा और निगम पार्षद धीरज शर्मा शामिल थे। सांसद ने सभी की बात सुनी और कहा कि सर्वसम्मति से फैसला हो तो बेहतर है। हमारे लिए सब बराबर हैं।

### सांसद बोले ना मेयर से मिली है कोई सूचना और ना महानगर से मिला है निमंत्रण

करंट क्राइम। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर होने वाली संभावित कोर बैठक के संबंध में सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि आठ लोग कोर कमेटी में है। मगर कोर की बैठक को लेकर मेरे पास अभी तक कोई सूचना ना तो मेयर की ओर से प्राप्त हुई है और ना ही किसी बैठक का निमंत्रण महानगर अध्यक्ष की ओर से मिला है। उन्होंने कहा कि मेरी इच्छा यही है कि सर्वसम्मति से फैसला हो जाये। कोर कमेटी नाम को तय करती और कोर की बैठक नहीं हो रही तो हम अपने घर पर ठीक हैं। फिलहाल हमें कोई निमंत्रण नहीं मिला है।

### मैं पार्टी का सिपाही और संगठन ही करेगा नाम तय : प्रवीण चौधरी

करंट क्राइम। निगम पार्षद प्रवीण चौधरी से जब करंट क्राइम से बात की और उनकी दावेदारी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि राजनीति में सभी प्रयास करते हैं। संयम के साथ रहना चाहिए और अति आत्मविश्वास ठीक नहीं होता है। नाम को लेकर उन्होंने कहा कि मैं पार्टी का सिपाही हूं। संगठन जिसे कहेगा, उसके साथ रहेंगे। कोर के सवाल पर उन्होंने कहा कि नाम अगर संगठन ही तय करे और संगठन ही फैसला ले, तो ये बेहतर है। अगर संगठन निर्णय नहीं लेता है और ऐसी नौबत आती है तो फिर हम हर परिस्थिति के लिए तैयार हैं।

### हमसे पूछा जायेगा तो बतायेंगे, नहीं पूछा जायेगा तो नहीं बतायेंगे : मयंक गोयल

करंट क्राइम। मयंक गोयल भाजपा के महानगर अध्यक्ष है। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर क्या कोर की बैठक होगी, यह जानने के लिए करंट क्राइम ने मयंक गोयल से बात की। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी परम्परा के अनुसार चेहरा तय करके उम्मीदवार उतारती है। लेकिन उन्होंने ये कहा कि अभी तक हमसे पूछा नहीं गया है। हमसे पूछा जायेगा तो बतायेंगे और नहीं पूछा जायेगा तो फिर ये निगम का मामला है। निगम में भाजपा का बहुमत है लिहाजा जो भी बनेगा वो भाजपा का ही चेहरा होगा। मेयर अगर आवश्यकता महसूस करती हैं तो कोर की बैठक होगी अन्यथा नहीं। मयंक गोयल ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि सर्वसम्मति के आधार पर पार्टी अपना चेहरा तय करेगी। जो भी उम्मीदवार बनाया जायेगा सभी मिलकर उसे चुनाव लड़ायेंगे।

## महिला वाहन चालकों को अब ट्रैफिक लेडीज पुलिस करेगी कंट्रोल

### जीवन रक्षा का संदेश और जागरूकता का होगा काम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में महिला वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथी उनके जीवन को अमूल्य बताते हुए अब गाजियाबाद ट्रैफिक की महिला यूनिट समझाने का काम करेगी। इसके लिए ट्रायल हापुरड़ चुंगी चौराहे से शुरू कर दिया गया है। सोमवार को एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, अजय सिंह और बड़ी संख्या में महिला पुलिस ट्रैफिक कर्मियों द्वारा अलग-अलग महिलाओं को हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट लगाने, गलत दिशा में वाहन न चलने का संदेश दिया गया। तो वहीं नियम तोड़ने वालों के चालान भी किए गए। आईपीएस आलोक प्रियदर्शी ने बताया है कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे हैं, इसीलिए उनको ट्रैफिक पुलिस में भी एक्टिव किया जा रहा है।

### हापुड़ चुंगी पर महिला पुलिसकर्मियों ने संभाली चालान वाली कार्रवाई



करंट क्राइम : सोमवार को हापुड़ चुंगी चौराहे पर महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए महिला पुलिसकर्मी जो कुछ दिन पूर्व ट्रैफिक में आई हैं, उनके द्वारा नियम तोड़ने वाली महिलाओं के चालान किए गए। साथ ही यातायात नियामों की जानकारी दी गई। बताया गया कि हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना क्यों आवश्यक है। एडीसीपी ट्रैफिक ने बताया है कि आने वाले दिनों में यह अभियान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी प्रमुख चौराहा और इलाकों में चलाया जाएगा।

## सांसद अतुल गर्ग के प्रयास यदि लाये रंग तो होगी गाजियाबाद को ये एक बड़ी देन

# जब यूपी के गाजियाबाद से चलेंगी यूपी के सभी जिलों की ट्रेन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग लगातार अपनी पारी में पूरी जिम्मेदारी से इस बात के प्रयास कर रहे हैं कि उनके लोकसभा क्षेत्र में लोगों को ऐसी सुविधायें मिलें जिससे उनका समय भी बचे और उन्हें अनावश्यक कहीं ना जाना पड़े। उन्होंने लगातार प्रयास किये और हिंडन एयरपोर्ट से घरेलू उडान का रास्ता साफ किया। अब वो ये चाहते हैं कि ट्रेन के लिए भी यात्रियों का सफर आसान हो। वो एक ऐसी व्यवस्था चाहते हैं कि यूपी के सभी शहरों के लिए ट्रेनों का पड़ाव ही गाजियाबाद रेलवे स्टेशन हो। यहां से यूपी के लिए सभी जिलों की ट्रेन का संचालन गाजियाबाद से हो। गाजियाबाद के विकास और यात्रियों की इस सुविधा को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से नई दिल्ली से रेल भवन में मुलाकात की। यहां पर सांसद अतुल गर्ग ने ये प्रस्ताव रखा कि यात्री सेवाओं का विस्तार हो जाये और जन सुविधा आधारित परियोजनाओं का क्रियान्वयन हो तो एक सार्थक और दूरदर्शी सुविधा मिल सकती है। बैठक में सांसद अतुल गर्ग ने रेल मंत्री को ये बताया कि गाजियाबाद स्टेशन को दिल्ली के उपनगरीय स्टेशन के रूप में विकसित किया जाये। इस प्रस्ताव पर दोनों के बीच विस्तृत चर्चा हुई। अतुल गर्ग ने इस बात पर जोर दिया कि गाजियाबाद नोएडा और पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश से प्रतिदिन लाखों यात्री दिल्ली की ओर आवागमन करते हैं। ऐसे में यदि गाजियाबाद को उपनगरीय स्टेशन का दर्जा दिया जाता है तो इससे रेल यातायात का दबाव कम होगा और यात्रियों को राहत मिलेगी। उन्होंने बैठक में पूर्वांचल की ट्रेनों के ठहराव पर चर्चा की। ये बताया कि पूर्वांचल की दिशा में जाने वाली 22 ट्रेनों के स्टॉपेज की आवश्यकता है। यदि इन ट्रेनों का ठहराव गाजियाबाद में होने लगे तो न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी बल्कि स्टेशन की उपयोगिता और क्षेत्रीय महत्व भी बढ़ेगा। उन्होंने इस बैठक में गाजियाबाद और पिलखुवा क्षेत्रों में रेल अंडरपास और ओवर ब्रिज निर्माण से जुड़े प्रमुख मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं क्षेत्र में यातायात सुगमता और जन सुरक्षाके लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस बैठक की खास बात ये रही कि केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया और आश्वासन दिया कि वह आवश्यक प्रस्तावों पर शीघ्र कार्यवाही के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देंगे।



**गाजियाबाद के विकास और यात्रियों की इस सुविधा को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से नई दिल्ली से रेल भवन में मुलाकात की। यहां पर सांसद अतुल गर्ग ने ये प्रस्ताव रखा कि यात्री सेवाओं का विस्तार हो जाये और जन सुविधा आधारित परियोजनाओं का क्रियान्वयन हो तो एक सार्थक और दूरदर्शी सुविधा मिल सकती है।**

### अतुल गर्ग ने बताये रीजन और दिया अपना विजन

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की ये खूबी है कि बैठक दिशा की हो, बैठक एनसीआर बोर्ड की हो या फिर बैठक रेल मंत्री के साथ हो वो हमेशा हर बैठक में एक विजन के साथ पहुंचते हैं पूरी तैयारी के साथ पहुंचते हैं और अपने विकास को लेकर उनका नक्शा पूरी तरह स्पष्ट होता है। नई दिल्ली के रेल भवन में जब गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की तो उन्होंने अपने विजन से अपनी बात समझाई। ये विकास क्यों जरूरी है इसके रीजन बताये। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने रेल मंत्री को बताया कि इस परियोजना के लिए गाजियाबाद में सेना की जमीन उपलब्ध है। इस जमीन को अवैध कब्जे से भी मुक्त करा लिया गया है। उन्होंने बताया कि एनएच 9 से ऐलीवेटिड रोड के जरिए ये कनैक्टिविटी बन सकती है। ये रोड सीधा रेलवे स्टेशन पर आयेगी। लगभग एक से सवा करोड रूपये की ये रोड बनेगी। बताया कि एक बहुत बड़ी आबादी यूपी से यूपी में जाने के लिए दिल्ली की तरफ रूख करती है। अगर यूपी से यूपी की ट्रेनों का पड़ाव गाजियाबाद में हो जायेगा तो इससे दिल्ली की तरफ कम फुटफाल होगा और रेल यातायात सुगम होगा। ये शुरूआत गाजियाबाद से होगी तो दिल्ली से लोग यहां आयेंगे। रक्षा मंत्रालय की जमीन पर आरओबी बनाया जा सकता है। अगर गाजियाबाद से यूपी की ट्रेन चलेंगी तो ये सभी के लिए एक बड़ी सुविधा होगी।

## संपादकीय

# धर्म आधारित जांच बहस

सुप्रीम कोर्ट में अकोला दंगे की जांच को लेकर जजों में मतभेद है। कोर्ट ने पहले जांच दल में धर्म के आधार पर अफसरों की नियुक्ति का आदेश दिया था। महाराष्ट्र सरकार ने इसे चुनौती दी। अब इसी आदेश की समीक्षा पर जजों की राय अलग है। यह मामला एक नई परंपरा की शुरूआत कर सकता है। किसी मामले में सुप्रीम कोर्ट की बेंच के बीच सहमति न बनना कोई असामान्य बात नहीं है, लेकिन अकोला सांप्रदायिक दंगों का केस जिस तरह से आगे बढ़ रहा है, वह असामान्य है। यह पहला मामला होगा जहां देश की शीर्ष अदालत की एक बेंच ने किसी जांच दल में धर्म के आधार पर अफसरों की तैनाती का आदेश दिया और अब उसकी समीक्षा के सवाल पर पर उसके जजों में एक राय नहीं है।

पुलिस की लापरवाही । 2023 के अकोला दंगे से जुड़े एक मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की तो अदालत का दरवाजा खटखटाया गया। 11 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने पाया कि पुलिस ने वाकई लापरवाही बरती है और आदेश दिया कि एक SIT का गठन किया जाए, जिसमें हिंदू और मुस्लिम - दोनों संप्रदायों के पुलिस अफसर हों। महाराष्ट्र सरकार ने इस आदेश को यह कहते हुए चुनौती दी कि पुलिस बल धर्मनिरपेक्ष संस्था है और धार्मिक आधार पर नियुक्ति से खतरनाक परंपरा स्थापित होगी अहम बात यह है कि जिन दो न्यायाधीशों ने यह आदेश दिया था, वे भी पुनर्विचार याचिका पर एक दूसरे से असहमत हैं। एक न्यायाधीश ने पुनर्विचार याचिका को स्वीकार कर लिया, जबकि दूसरे ने इसे खारिज कर दिया। तैनाती का आधार । पुनर्विचार याचिका को लेकर दोनों न्यायाधीशों के अपने तर्क हैं, लेकिन बड़ा सवाल मूल फैसले का है। रक्ळ गठित करने का आदेश देते हुए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी थी कि जब पुलिस अधिकारी वर्दी पहनते हैं, तो उन्हें अपने व्यक्तिगत और धार्मिक झुकावों व पूर्वाग्रहों को पीछे छोड़ देना चाहिए। यह बात सौ फीसदी सही है। लेकिन, फिर धार्मिक आधार पर तैनाती का आदेश देकर अदालत ने एक तरह से इसी भावना को तोड़ दिया। जब तैनाती का आधार धर्म होगा, तो यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि कार्यप्रणाली में उसका असर नहीं दिखेगा।

इरादा गलत नहीं वैसे यह समझना भी जरूरी है कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के इरादे को गलत नहीं कहा जा सकता। चूंकि दंगों से निपटने में पुलिस की भूमिका को अदालत ने सही नहीं पाया, इसीलिए जांच में पूर्ण निष्पक्षता सुनिश्चित करने के इरादे से यह फैसला दिया गया लगता है। लेकिन वजह चाहे जो भी हो, जांच दल में धर्म के आधार पर चयन एक गलत परंपरा की शुरूआत होगी। उम्मीद है कि शीर्ष अदालत इस मामले को सही अंजाम तक पहुंचाएगी।

# तीन दिन की गिरावट के बाद शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 319 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,574 पर बंद



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को हरे निशान पर क्लोजिंग हुई। सेंसेक्स 319.07 (0.38%) अंक चढ़कर 83,535.35 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 82.05 (0.32%) अंक मजबूत होकर 25,574.35 के स्तर पर बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार में तीन दिनों की गिरावट के बाद सोमवार को फिर से तेजी लौटी। आईटी और वित्तीय शेयरों में खरीदारी तथा वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के चलते बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों में बढ़त दर्ज की गई।

बीएसई सेंसेक्स 319.07 अंक या 0.38% की बढ़त के साथ 83,535.35 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 538.21 अंक चढ़कर 83,754.49 के उच्चतम स्तर तक गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 82.05 अंक या 0.32% की तेजी के साथ 25,574.35 पर बंद हुआ, यह दिन के कारोबार के दौरान 161.15 अंक चढ़कर 25,653.45 तक पहुंचा।

सेंसेक्स की प्रमुख लाभकारी कंपनियों में इंफोसिस, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, टीसीएस, भारती एयरटेल, टाइटन, बजाज फिनसर्व, रिलायंस और एलएंडटी शामिल रहीं। दूसरी ओर ट्रेंट लिमिटेड, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एसबीआई, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एनटीपीसी में गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में भी तेजी रही। कोस्पी 3.02%, हैंगसेंग 1.55%, निक्केई 1.33% और शंघाई कंपोजिट 0.53% की बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में भी सकारात्मक रुख देखा गया, जबकि शुक्रवार को अमेरिकी बाजारों ने भी मजबूती दिखाई। शुक्रवार को एफआईआई ने 4,581.34 करोड़ के शेयर खरीदे, जबकि डीआईआई ने 6,674.77 करोड़ की खरीदारी कर उन्हें पीछे छोड़ दिया था। सीनेट दिसंबर के मध्य तक समाप्त हो रहे स्वास्थ्य देखभाल कर क्रेडिट को बढ़ाने पर मतदान कर सकती है। अब तक के सबसे लंबे शटडाउन के खत्म होने की उम्मीदों ने एसएंडपी 500 के भविष्य को 0.7 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज के भविष्य में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

जर्मनी का डीएएक्स 1.4 प्रतिशत बढ़कर 23,891.71 पर, पेरिस का उअउ 40 0.9 प्रतिशत बढ़कर 8,024.23 पर, तथा ब्रिटेन का एफटीएसई 100 0.5 प्रतिशत बढ़कर 9,729.77 पर पहुंच गया। सोमवार की बढ़त का कारण प्रौद्योगिकी शेयरों में तेजी दिखी। एआई शेयरों की कीमतों में तेजी को लेकर निवेशकों की चिंता शांत होती दिखी।

### जानकारों ने बताया बाजार में तेजी लौटने का कारण

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि अमेरिका में शटडाउन के समाधान और दूसरी तिमाही की सकारात्मक आय रिपोर्टों ने विदेशी निवेशकों को फिर से बाजार में लौटने के लिए प्रेरित किया। अमेरिका में 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि और सरकारी कामकाज की बहाली से जोखिम लेने की प्रवृत्ति में सुधार हुआ है।

घरेलू स्तर पर मजबूत आर्थिक संकेतकों के चलते वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में कंपनियों के आय अनुमानों में वृद्धि की उम्मीद है। इससे बाजार में मूल्यांकन को समर्थन मिलने और लिक्विडिटी में इजाफा होने की उम्मीद है।

### अमेरिका में शटडाउन समाप्त करने की पहल के बाद वैश्विक बाजार में तेजी

अमेरिका में सीनेट की ओर से शटडाउन को समाप्त करने की हुई पहल के बाद सोमवार को यूरोप और एशिया में शेयरों में तेजी आई। सीनेट ने रविवार देर रात एक परीक्षण मतदान में संघीय सरकार को वित्तपोषित करने के लिए समझौता विधेयक पारित करने की दिशा में आगे बढ़ने की प्रक्रिया शुरू की। हालांकि यदि डेमोक्रेट्स ने आपत्ति की और प्रक्रिया में देरी की तो अंतिम रूप से इसे पारित होने में कई दिन लग सकते हैं।

# अमेरिका में शटडाउन खत्म होने की उम्मीद से कच्चे तेल में तेजी, कीमतें 60 डॉलर प्रति बैरल के पार



**नई दिल्ली।** अमेरिका में शटडाउन खत्म होने की खबरों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में लगातार दूसरे दिन बढ़त दर्ज की गई। सोमवार को तेल की कीमतें 0.98 प्रतिशत बढ़कर 60.20 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि अल्पकालिक तेजी के बावजूद कच्चे तेल का समग्र रुझान अभी भी मंदी वाला बना हुआ है। अमेरिका में शटडाउन खत्म होने की खबरों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखने को मिला। विशेषज्ञों ने कहा कि कच्चे तेल के लिए समग्र दृष्टिकोण मंदी का बना हुआ है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की गई। सोमवार को कच्चे तेल की कीमतें 0.98 प्रतिशत बढ़कर 60.20 डॉलर प्रति बैरल हो गईं। बाजार सहभागियों ने इसे नीतिगत अनिश्चितता में कमी का संकेत माना।

बाजार में नीतिगत अनिश्चितता में आ सकती है कमी विशेषज्ञों के अनुसार, सीनेट डेमोक्रेट्स ने सरकार को दोबारा खोलने व अगले वित्तीय वर्ष तक कई विभागों को वित्तपोषित करने के लिए एक समझौते का समर्थन किया है। इसे बाजार ने नीतिगत अनिश्चितता में कमी के संकेत के रूप में व्याख्यायित किया है।

### 40 दिनों के शटडाउन के बाद खुली अमेरिकी सरकार

अमेरिकी सीनेटरों ने रविवार को रिकॉर्ड 40 दिनों के बंद के बाद सरकार को फिर से खोलने के लिए सहमति जताई। कम से कम आठ सीनेट डेमोक्रेट्स की ओर से समर्थित इस समझौते के तहत सरकार को 30 जनवरी तक धन मुहैया कराया जाएगा और दिसंबर में अफोर्डेबल केयर एक्ट सब्सिडी बढ़ाने पर मतदान भी शामिल है।

### तेल बाजार में मंदी के संकेत


इससे सरकार के सामान्य कामकाज को फिर से शुरू करने का रास्ता साफ हो जाएगा। हालांकि, अल्पावधि सुधार के बावजूद, विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि व्यापक तेल बाजार में मंदी बनी रहेगी।

### तेल बाजार की कीमतों में हो सकती है मामूली वृद्धि

ऊर्जा विशेषज्ञ नरेंद्र तनेजा ने बताया कि जब तक हम मांग में स्थिर वृद्धि नहीं देखते, तेल की कीमतों में मंदी का रुख बना रहेगा। अमेरिकी शटडाउन समाप्त होने की उम्मीद से तेल बाजार की धारणा में सुधार हो सकता है, जिससे कीमतों में मामूली वृद्धि हो सकती है। फिर भी, जब तक मांग में कुछ उल्लेखनीय वृद्धि नहीं होती है या भू-राजनीतिक या प्राकृतिक कारणों से आपूर्ति में कुछ बड़ा व्यवधान नहीं होता है

# कमाई में सुधार और नीतिगत समर्थन से भारत की रेटिंग बढ़ी, गोल्डमैन सैक्स ने जताया भरोसा

**नई दिल्ली।** गोल्डमैन सैक्स ने भारत की रेटिंग को न्यूट्रल से बढ़ाकर ओवरवेट कर दिया है। संस्था का कहना है कि कमाई की रफ्तार में सुधार और नीतिगत समर्थन भारत की आर्थिक वृद्धि को गति दे रहे हैं। इन सकारात्मक संकेतों से आने वाले महीनों में भारतीय शेयर बाजार के प्रदर्शन में मजबूती देखी जा सकती है। अमेरिकी निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स ने भारत को लेकर अपना दृष्टिकोण सुधारते हुए रेटिंग न्यूट्रल से बढ़ाकर ओवरवेट कर दी है। यह कदम अक्तूबर 2024 में की गई पिछली डाउनग्रेड के उलट है। इसमें कहा गया है कि आय में वृद्धि की गति में मजबूती और नीतिगत सहयोग देश की आर्थिक वृद्धि को समर्थन दे रहे हैं। गोल्डमैन सैक्स का मानना है कि इन कारकों से भारतीय इक्विटी बाजार आने वाले महीनों में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।



### निफ्टी के लिए 2026 के अंत तक 29000 का लक्ष्य

वैश्विक ब्रोकरेज ने बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी के लिए 2026 के अंत तक 29,000 का लक्ष्य रखा है। यह शुक्रवार के बंद से 14 प्रतिशत की बढ़त दशार्ता है। सूचकांक में सालाना आधार पर 8.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लेकिन यह बढ़त अन्य उभरते बाजारों की तुलना में अपेक्षाकृत कम रही है।

आय का चक्र अपने निचले स्तर पर पहुंचा संस्थान के विश्लेषक सुनील कौल के नेतृत्व में जारी रिपोर्ट में कहा गया कि देश की कमाई में गिरावट का चक्र अब अपने निचले स्तर पर पहुंच चुका है और अब रिकवरी का दौर शुरू हो रहा है।

### इन सुधारों का पड़ा असर

इसमें कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को वृद्धि समर्थक नीतियों से बल मिल रहा है। इनमें भारतीय रिजर्व बैंक की दरों में संभावित कटौती, तरलता में ढील, बैंकिंग विनियमन में सुधार, जीएसटी सुधार और राजकोषीय सख्ती की धीमी गति जैसे कदम शामिल हैं।

# केंद्रीय बजट की तैयारी शुरू, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अर्थशास्त्रियों के साथ की बैठक

केंद्रीय बजट 2026-27 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी बजट को लेकर अर्थशास्त्रियों के साथ पहली पूर्व-बजट परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक के माध्यम से सरकार ने आर्थिक विशेषज्ञों से बजट से जुड़ी नीतिगत प्राथमिकताओं, विकास की रणनीतियों और वित्तीय स्थिरता पर सुझाव आमंत्रित किए। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 की तैयारियों के तहत देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ पहली पूर्व-बजट परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई।

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जानकारी दी। बैठक में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) के सचिव, भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस बैठक के माध्यम से सरकार ने आर्थिक विशेषज्ञों से बजट से जुड़ी



नीतिगत प्राथमिकताओं, विकास की रणनीतियों और वित्तीय स्थिरता पर सुझाव आमंत्रित किए।

इन चर्चाओं के माध्यम से वित्त मंत्रालय का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि केंद्रीय बजट विविध दृष्टिकोणों को प्रतिबिंबित करे और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करे।

अर्थशास्त्रियों और कृषिविदों के साथ आज का परामर्श सरकार की व्यापक सहभागिता प्रक्रिया का पहला चरण है, जो केंद्रीय बजट 2026-27 की प्रस्तुति तक ले जाएगा।

1 फरवरी को पेश होगा बजट केंद्रीय बजट आमतौर पर हर साल 1 फरवरी को पेश किया जाता है।


### पूर्व चर्चाओं की शृंखला की शुरूआत

अर्थशास्त्रियों के साथ बजट - पूर्व परामर्श सुबह 10 बजे शुरू हुआ और दोपहर 12 बजे तक चला। इसके बाद दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक प्रख्यात कृषिविदों और किसान संगठनों के साथ परामर्श का एक और दौर होगा। ये बैठकें बजट- पूर्व चर्चाओं की शृंखला की शुरूआत का प्रतीक हैं, जिसे वित्त मंत्रालय हर साल बजट तैयार करने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में आयोजित करता है।

### क्यों की जाती हैं ये बैठकें?

बजट- पूर्व बैठक, अंतिम वार्षिक बजट तैयार करने और उसे विधानमंडल में प्रस्तुत करने से पहले, सरकारी वित्त अधिकारियों और वित्त मंत्री की विभिन्न हितधारकों के साथ आयोजित परामर्श और चर्चा की प्रक्रिया है। ये बैठकें वित्त मंत्री के लिए उद्योग संघों, ट्रेड यूनियनों, अर्थशास्त्रियों, राज्य सरकार के अधिकारियों और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न प्रकार के प्रतिभागियों से सुझाव, मांगें और इनपुट एकत्र करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करती हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट



- ऑक्सफोर्ड के सबसे पहले कॉलेजों ने 13 वीं शताब्दी के दौरान दरवाजे खोले, लेकिन साल 1878 तक कोई महिला छात्रों की अनुमति नहीं थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में 200 से अधिक वर्षों की शराब की 1000 बोतलें हैं।
- साल 1755 में, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक डोडो पक्षी जला दिया, यूनिवर्सिटी इस बात से अनजान थी कि यह दुनिया का आखिरी पूर्ण नमूना था।
- वर्ल्ड वॉर-II के दौरान ऑक्सफोर्ड पर बम गिराकर बर्बाद क्यों नहीं किया गया था, क्योंकि हिटलर इंग्लैंड पर विजय प्राप्त करने के बाद शहर को राजधानी के रूप में उपयोग करना चाहता था।
- रुथ लॉरेंस ने 10 साल की उम्र में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी गणित की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, सभी 530 उम्मीदवारों में से प्रथम आने के बाद, उन्होंने 13 साल की उम्र में एक वर्ष की डिग्री पूरी की थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय दुनिया का दूसरा सबसे पुराना क्रियाशील विश्वविद्यालय है। सबसे पुराना एक बोलोग्ना विश्वविद्यालय है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।


## चुटकुले

टीचर: बेटा, बताओ 'Water' का मतलब क्या है?
पप्पू: पानी!
टीचर: और 'Hot Water'?
पप्पू: गुस्से वाला पानी!

पत्नी: सुनो जी, मैंने सपना देखा कि तुम मुझे डायमंड की रिंग दे रहे हो
पति: अच्छा! फिर क्या हुआ?
पत्नी: सुबह उठी तो सपना अधूरा रह गया!
पति: शुक्र मनाओ, सच्चाई नहीं बनी!

टीचर: बेटा, नींद में क्यों रहते हो?
पप्पू: सर, रात को पढ़ाई करता हूँ!
टीचर: कितना?
पप्पू: बस सपने में ... टॉपर हूँ मैं वहाँ

दोस्त: भाई, तेरा पेट कैसे बढ़ गया?
गोलू: जिम जाता हूँ रोज!
दोस्त: क्या करता है वहाँ?
गोलू: बस जिम के बाहर समोसे खाकर लौट आता हूँ!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क: के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो.: 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# मलिंगा-बोल्ट या राशिद नहीं, हाशिम अमला ने जसप्रीत बुमराह को बताया

# आईपीएल का सबसे मुश्किल गेंदबाज



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज हाशिम अमला ने अंतरराष्ट्रीय करियर में कई रिकॉर्ड 'तोड़े और बनाए। उनकी क्लासिक बैटिंग स्टाइल हर किसी का मन मोह लेती थी। हालांकि, उन्हें आईपीएल में ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अमला ने अब एक बड़ा खुलासा किया है और बताया है कि दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग में उन्हें किस गेंदबाज का सामना करना सबसे मुश्किल लगा।

अमला ने भारत के जसप्रीत बुमराह को सबसे मुश्किल गेंदबाज बताया और कहा कि उन्हें सिर्फ बुमराह का सामना करना सबसे मुश्किल लगा। हाल ही में एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान अमला ने बुमराह की जमकर तारीफ की और उन्हें दुनिया के सबसे स्किलफुल ऑल-फॉर्मेट गेंदबाज बताया।

**'बुमराह को गेंदबाजी करते देखना ही सुंदर अनुभव है'**

अमला ने कहा, 'बिलकुल बुमराह। वह शानदार गेंदबाज हैं और आप देख सकते हैं कि भारत के लिए उन्होंने कितनी शानदार गेंदबाजी की है। मेरे लिए वह सबसे मुश्किल प्रतिद्वंद्वी थे। बुमराह न सिर्फ तेज गेंदबाजी करते हैं बल्कि उनकी विविधता और नियंत्रण अद्भुत है। उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना अपने आप में एक खूबसूरत एहसास है।' बुमराह को अमला ने तकनीकी दृष्टि से सबसे कठिन गेंदबाज बताया, जो किसी भी बल्लेबाज को असमंजस में डाल सकते हैं। हाशिम अमला ने आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के लिए 2016 और 2017 सीजन खेले। उन्होंने कुल 16 पारियों में 577 रन बनाए और उनका औसत 44.28 का रहा। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 141.76 का रहा। अमला ने आईपीएल में दो शतक भी लगाए थे और अपनी क्लासिक बल्लेबाजी से भारतीय दर्शकों का दिल जीता था।



अमला के बयान ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जसप्रीत बुमराह की प्रतिभा का दुनिया भर के दिग्गज लोहा मानते हैं। जहां बुमराह अपनी धारदार यॉर्कर और सटीक लाइन-लेंथ के लिए मशहूर हैं, वहीं अमला जैसे क्लास बल्लेबाज से यह तारीफ मिलना उनके प्रभाव का सबूत है।

**'अगर दोबारा मौका मिले, तो किस टीम के लिए खेलेंगे?'**

पॉडकास्ट के दौरान जब अमला से पूछा गया कि अगर उन्हें दोबारा आईपीएल खेलने का मौका मिले तो किस टीम के लिए खेलना चाहेंगे? इस पर उन्होंने कहा, 'सभी टीमों के लिए खेलना सम्मान की बात होगी, लेकिन मैं शायद मुंबई इंडियंस (टक) को चुनूंगा।

मैंने दक्षिण अफ्रीकी लीग में एमआई की फ्रेंचाइजी के साथ कोचिंग की है और देखा है कि वह कितनी पेशेवर और व्यवस्थित टीम है। इसके अलावा, चेन्नई सुपर किंग्स (उरङ) भी एक बेहतरीन फ्रेंचाइजी है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि यही दोनों टीमें आईपीएल की सबसे सफल टीमें हैं।'

**अमला का शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर**

हाशिम अमला ने 2023 में क्रिकेट से संन्यास लिया। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 18,000 से अधिक रन बनाए। सभी प्रोफेशनल प्रारूपों को मिलाकर उनके नाम 34,104 रन दर्ज हैं, जिनमें से 9,282 रन टेस्ट क्रिकेट में आए। यह आंकड़ा उन्हें जैक कैलिस के बाद दक्षिण अफ्रीका का दूसरा सबसे बड़ा रन-स्कोरर बनाता है।

## जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम 'स्पोर्ट्स सिटी' बनेगी

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी स्थित प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (जेएलएन स्टेडियम) को अब एक स्पोर्ट्स सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। खेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस परियोजना के तहत मौजूदा स्टेडियम को 'तोड़कर दोबारा बनाया जाएगा', ताकि यहां सभी प्रमुख खेलों के लिए सुविधाएं और खिलाड़ियों के ठहरने के लिए आवासीय परिसर तैयार किए जा सकें।

मंत्रालय के सूत्र के अनुसार, यह योजना फिलहाल प्रस्ताव स्तर पर है, इसलिए अभी इसकी लागत और समयसीमा तय नहीं की गई है। सूत्र ने बताया, 'स्टेडियम को तोड़ा जाएगा। इसके अंदर मौजूद सभी दफ्तर जैसे नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा), नेशनल डोप टेस्टिंग लेबोरेटरी (एनडीटीएल) और आयकर विभाग को परियोजना शुरू होने पर अन्य जगह स्थानांतरित किया जाएगा।'

उन्होंने कहा कि फिलहाल स्टेडियम की 102 एकड़ जमीन का उपयोग उसकी पूरी क्षमता के अनुसार नहीं हो रहा है।

# सैमसन से ट्रेड की अटकलों के बीच जडेजा-पथिराना ने डिएक्टिवेट किया इंस्टाग्राम अकाउंट, सीएसके फैन्स में हड़कंप

**सीएसके अपने सीनियर ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को राजस्थान रॉयल्स में ट्रेड करने पर विचार कर रही है, ताकि संजू सैमसन को टीम में लाया जा सके।**



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के दो अहम खिलाड़ियों रवींद्र जडेजा और मथीशा पथिराना के इंस्टाग्राम अकाउंट अचानक गायब होने से क्रिकेट फैंस के बीच हलचल मच गई है। दोनों खिलाड़ियों ने लगभग एक ही समय पर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट डिएक्टिवेट कर दिए, जिससे सोशल मीडिया पर सवालों की बौछार शुरू हो गई। सोशल मीडिया पर फैंस पूछ रहे हैं- आखिर उरङ में क्या चल रहा है?

**राजस्थान रॉयल्स से ट्रेड की चर्चाएं तेज:** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीएसके अपने सीनियर ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को राजस्थान रॉयल्स में ट्रेड करने पर विचार कर रही है, ताकि संजू सैमसन को टीम में लाया जा सके। यह सौदा अगर पक्का होता है, तो जडेजा 16 साल बाद फिर से उसी टीम से जुड़ेंगे, जहां से उन्होंने 2008 में अपना आईपीएल करियर शुरू किया था। सूत्रों के मुताबिक, राजस्थान की टीम लंबे समय से एक अनुभवी भारतीय स्पिनर की तलाश में थी और इसीलिए उन्होंने जडेजा को सैमसन के बदले में प्रस्तावित किया था। वहीं सीएसके इस सौदे में दिलचस्पी दिखा रही है क्योंकि धोनी के बाद टीम को एक नए भारतीय कप्तान और विकेटकीपर की जरूरत है।

**सोशल मीडिया पर हलचल ने बढ़ाई अटकलें:** फैंस ने रविवार को नोट किया कि जडेजा का वेरिफाइड इंस्टाग्राम अकाउंट (रॉयलनवघन) अचानक गायब हो गया। जडेजा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते थे और अक्सर सीएसके के प्रति अपने लगाव को लेकर पोस्ट करते थे। इससे फैंस के बीच यह चर्चा और तेज हो गई कि क्या दोनों खिलाड़ियों के बीच या टीम मैनेजमेंट के साथ कोई अंदरूनी मतभेद चल रहे हैं। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं है कि दोनों खिलाड़ियों ने अपने अकाउंट खुद डिएक्टिवेट किए हैं या फिर यह किसी तकनीकी कारण से हुआ है।

**पथिराना का भविष्य भी सवालों में**

सीएसके के युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना, जिन्हें 'बेबी मलिंगा' कहा जाता है, ने फ्रेंचाइजी के लिए शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन ट्रेड रिपोर्ट्स के दौरान उनका नाम भी राजस्थान रॉयल्स की ओर से एक अतिरिक्त डिमांड के रूप में सामने आया था।

सूत्रों के मुताबिक, राजस्थान ने जडेजा के साथ-साथ पथिराना को भी लेने की इच्छा जताई थी, लेकिन सीएसके ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और इंग्लैंड ऑलराउंडर सैम करन को विकल्प के तौर पर पेश किया। हालांकि, उनके इंस्टाग्राम से हटने से अटकलों को बल मिला है।

**जडेजा का उरङ सफर उतार-चढ़ाव से भरा:** जडेजा ने 2012 में सीएसके से जुड़ने के बाद टीम को तीन बार चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सीएसके के लिए 143 विकेट झटके हैं, जो टीम के इतिहास में सबसे ज्यादा हैं। वह एमएस धोनी के साथ सबसे ज्यादा 16 बार प्लेयर ऑफ द मैच बनने का रिकॉर्ड साझा करते हैं।

2023 के फाइनल में उन्होंने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ आखिरी ओवर में मैच जिताने वाले शॉट्स खेले थे। हालांकि, 2022 में जब उन्हें कप्तान बनाया गया था, टीम ने शुरूआती आठ में से सिर्फ एक मैच जीता, जिसके बाद धोनी ने फिर से कमान संभाली।

# कोच गंभीर बोले- ड्रेसिंग रूम में ईमानदारी और पारदर्शिता सबसे अहम

## फिटनेस का महत्व समझना होगा

**मुंबई।** गंभीर ने टीम के भीतर संवाद और विश्वास को सफलता की कुंजी बताया। उनका कहना है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल साफ-सुथरा और खुला होना चाहिए, ताकि खिलाड़ी खुद को सहज महसूस करें और अपनी पूरी क्षमता से खेल दिखा सकें।

टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ने बीसीसीआई टीवी से बातचीत में खिलाड़ियों की फिटनेस, ईमानदारी और मानसिक मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने साफ कहा कि भारतीय टीम अभी उस मुकाम पर नहीं पहुंची है, जहां वह टी20 विश्व कप 2026 के लिए खुद को देखना चाहती है, लेकिन आने वाले तीन महीनों में टीम उस दिशा में मजबूत कदम बढ़ाएगी।

**ड्रेसिंग रूम में पारदर्शिता जरूरी: गंभीर**

46 सेकंड की जारी क्लिप में गंभीर ने कहा, 'यह एक ऐसा ड्रेसिंग रूम है जहां बहुत अधिक पारदर्शिता और ईमानदारी है, और हम चाहते हैं कि यह माहौल आगे भी ऐसा ही बना रहे। मुझे लगता है कि हम अभी उस



स्थिति में नहीं हैं जहां हम टी20 विश्व कप तक पहुंचना चाहते हैं।'

उनका कहना है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल साफ-सुथरा और खुला होना चाहिए, ताकि खिलाड़ी खुद को सहज महसूस करें और अपनी पूरी क्षमता से खेल दिखा सकें।

**'तीन महीने में बदलनी होगी तस्वीर'**

गंभीर ने फिटनेस को लेकर भी खिलाड़ियों को सीधा संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि खिलाड़ियों को फिट रहने का महत्व पता चल जाएगा। हमारे पास उस स्तर पर पहुंचने के लिए अभी भी तीन महीने हैं, जहां हम पहुंचना चाहते हैं।' उनके इस बयान से यह साफ है कि टीम प्रबंधन अब फिटनेस को प्राथमिकता देने वाला है, और जो खिलाड़ी शारीरिक रूप से तैयार नहीं होंगे, उन्हें बड़े टूर्नामेंट से पहले अपनी स्थिति सुधारनी होगी।

**गिल का उदाहरण: दबाव में निखरते खिलाड़ी**

गंभीर ने बातचीत में शुभमन गिल का उदाहरण देते हुए बताया कि वे खिलाड़ियों के सामने कठिन चुनौतियां रखते हैं ताकि वे खुद को साबित कर सकें। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट सीरीज में कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन किया और टीम को 2-2 की बराबरी दिलाई। गंभीर ने कहा कि इसी तरह की कठिन परिस्थितियाँ खिलाड़ियों के चरित्र को मजबूत बनाती हैं।

**टी20 विश्व कप की तैयारियों पर फोकस**

अगला टी20 विश्व कप फरवरी-मार्च 2026 में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। भारत मौजूदा चैंपियन है और गंभीर का फोकस यह सुनिश्चित करना है कि टीम अगले तीन महीनों में हर पहलू से तैयार हो।

# जापान ओपन में लक्ष्य-प्रणय पर रहेंगी नजरें





**कुमामोटो (जापान)।** लक्ष्य मौजूदा सत्र में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्हें यहां सातवीं वरीयता दी गई है। अल्मोड़ा के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

भारतीय शटलर एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 475,000 डॉलर इनामी कुमामोटो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी लय फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे।

लक्ष्य मौजूदा सत्र में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्हें यहां सातवीं वरीयता दी गई है।

अल्मोड़ा के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय को ओलंपिक से पहले चिकनगुनिया होने के बाद से संघर्ष करना पड़ रहा है। वह एक महीने से ज्यादा समय के ब्रेक के बाद वापसी करेंगे। वह मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे।

# 'मर जाएगा, पिट जाएगा, रो देगा...' युवराज ने बताई अभिषेक की एक मजेदार आदत

**नई दिल्ली।** युवराज सिंह ने हंसते हुए खुलासा किया कि अभिषेक भले ही हर चीज में उदार हैं, लेकिन अपने बैट्स को लेकर बेहद पजेसिव हैं।

भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने अपने शिष्य और युवा ओपनर अभिषेक शर्मा से जुड़ा एक बेहद मजेदार राज खोला है। अभिषेक शर्मा ने हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इतिहास रचते हुए सबसे तेज 1,000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ये उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में खेले गए पांचवें टी20 में हासिल की, वह भी सिर्फ 528 गेंदों में।

**अभिषेक शर्मा की अनोखी 'बैट लव स्टोरी'**

युवराज सिंह ने हंसते हुए खुलासा किया कि अभिषेक भले ही हर चीज में उदार हैं, लेकिन अपने बैट्स को लेकर बेहद पजेसिव हैं। युवराज ने कहा, 'अभिषेक शर्मा से आप कुछ भी ले सकते हैं, लेकिन उसका बल्ला नहीं! ये मर जाएगा, पिट जाएगा, रो देगा, पर अपना बैट नहीं देगा।' उन्होंने आगे मजाकिया लहजे में जोड़ा, 'भले ही उसके पास दस बल्ले हों, फिर भी बोलेगा मेरे पास तो बस दो बल्ले हैं। उसने मेरे सारे बैट ले लिए, लेकिन अपने किसी को नहीं देता।' इस बयान से वहां मौजूद अभिषेक खुद मुस्कुरा उठे।



**गुरु-शिष्य का खास रिश्ता**

अभिषेक शर्मा अपने शुरूआती क्रिकेट करियर में युवराज सिंह के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग कर चुके हैं। युवराज कई बार मैचों में स्टैंड से उन्हें प्रोत्साहित करते भी दिखे हैं। युवराज का कहना है कि अभिषेक में पुराने जमाने की मेहनत और नई पीढ़ी का आत्मविश्वास दोनों झलकते हैं।

**टी20 में रचा नया रिकॉर्ड**

ब्रिसबेन में खेले गए पांचवें टी20 में भले ही बारिश ने खेल को रोक दिया, लेकिन अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने शुरूआत में ही कमाल दिखाया। दोनों ने सिर्फ 4.5 ओवर में 52 रन की साझेदारी की। पूरी सीरीज में इस जोड़ी ने मिलकर 188 रन बनाए, जो ऑस्ट्रेलिया में किसी भी विदेशी जोड़ी की सबसे बड़ी साझेदारी है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के ब्रेविस और स्टब्स (187 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा।

**भारत का उभरता सितारा**

25 वर्षीय अभिषेक शर्मा की यह उपलब्धि भारत के टी20 भविष्य के लिए शुभ संकेत है। उनकी बल्लेबाजी में युवराज जैसी निडरता और क्लीन हिटिंग झलकती है। वहीं युवराज के साथ उनका रिश्ता क्रिकेट फैंस के लिए एक गुरु-शिष्य बंधन की खूबसूरत मिसाल बन गया है।

# IPL 2026 से पहले बड़े ट्रेड की संभावना

## सीएसके का हिस्सा बन सकते हैं सैमसन नई जर्सी में दिखेंगे जडेजा और करन



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 से पहले एक बड़ा ट्रेड देखने को मिल सकता है। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) अपने कप्तान संजू सैमसन को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दो स्टार ऑलराउंडर्स रवींद्र जडेजा और सैम करन के बदले ट्रेड कर सकती है। संजू सैमसन पिछले 11 वर्षों से राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे हैं और 2021 से टीम की कप्तानी संभाल रहे हैं। लेकिन आईपीएल 2025 के समापन के बाद उन्होंने संकेत दिए थे कि वे टीम बदलना चाहते हैं।

**संजू सैमसन पिछले 11 वर्षों से राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे हैं और 2021 से टीम की कप्तानी संभाल रहे हैं। लेकिन आईपीएल 2025 के समापन के बाद उन्होंने संकेत दिए थे कि वे टीम बदलना चाहते हैं।**

### सीएसके के लिए खेल सकते हैं सैमसन

वहीं, एक वरिष्ठ सीएसके अधिकारी ने पीटीआई से बातचीत में पुष्टि की कि फ्रेंचाइजी संजू सैमसन को टीम में शामिल करने में दिलचस्पी रखती है।

अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'सभी को पता है कि हम संजू को अपनी टीम में चाहते हैं। हमने इस ट्रेडिंग विंडो में अपनी रुचि जताई है। राजस्थान की मैनेजमेंट फिलहाल विकल्पों पर विचार कर रही है, लेकिन हमें उम्मीद है कि संजू हमारे लिए खेलेंगे।'

### नई जर्सी में दिखेंगे जडेजा और करन?

रवींद्र जडेजा लंबे समय से सीएसके की रीढ़ माने जाते रहे हैं और उन्होंने धोनी की अनुपस्थिति में कप्तानी भी संभाली थी। वहीं इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर सैम करन, सीएसके और पंजाब किंग्स दोनों टीमों के लिए खेल चुके हैं। अगर यह ट्रेड होता है, तो यह आईपीएल इतिहास के सबसे चौंकाने वाले और बड़े सौदों में से एक साबित हो सकता है।

### क्या कहते हैं ट्रेड के नियम?

नियमों के अनुसार, दोनों फ्रेंचाइजी को आईपीएल गवर्निंग काउंसिल को अपनी रुचि की आधिकारिक सूचना देनी होगी। इसके बाद खिलाड़ियों की लिखित सहमति मिलने पर यह समझौता आगे बढ़ेगा और गवर्निंग बॉडी की मंजूरी के बाद ही ट्रेड को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# राजस्थान रॉयल्स ने संजू सैमसन के ट्रेड पर बदला रुख

## अब जडेजा के साथ एक और खिलाड़ी की मांग




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 की तैयारियों के बीच राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच संभावित बड़े ट्रेड की चर्चा ने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजस्थान रॉयल्स अपने कप्तान संजू सैमसन को ट्रेड करने के लिए तैयार हैं, लेकिन अब टीम ने इस सौदे की शर्तें बदल दी हैं।

**जडेजा का नाम तय, दूसरे खिलाड़ी पर असमंजस**

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, राजस्थान रॉयल्स ने रवींद्र जडेजा का नाम ट्रेड में फाइनल कर दिया है। हालांकि, दूसरे खिलाड़ी को लेकर दोनों टीमों के बीच अब भी सहमति नहीं बन पाई है। जहां राजस्थान रॉयल्स ने मथीशा पथिराना को ट्रेड में शामिल करने की मांग की है, वहीं चेन्नई सुपर किंग्स इस प्रस्ताव से सहमत नहीं है। सीएसके की ओर से यह भी कहा गया है कि पथिराना टीम की भविष्य की योजनाओं में अहम भूमिका निभा रहे हैं और वे उन्हें छोड़ना नहीं चाहते।

**सीएसके ने पहले दिया था सैम करन का प्रस्ताव**

जानकारी के मुताबिक, जब राजस्थान रॉयल्स ने जडेजा के साथ एक और खिलाड़ी की मांग की, तो सीएसके ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन का नाम पेश किया। हालांकि, आरआर का रुख साफ था। उन्हें करन नहीं, बल्कि पथिराना चाहिए। इस मसले पर एमएस धोनी, कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग के बीच लंबी चर्चा हुई। इसके बाद ही सीएसके ने जडेजा को शामिल करने की सहमति दी, वो भी खिलाड़ी की खुद की मंजूरी मिलने के बाद।

**जडेजा की वापसी की संभावना**

गौरतलब है कि रवींद्र जडेजा आईपीएल के शुरूआती दो सीजन में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रह चुके हैं। हालांकि, बाद में वे चेन्नई सुपर किंग्स के साथ लंबे समय से जुड़े हुए हैं और टीम के मुख्य स्तंभ बन गए हैं। उन्होंने 2022 सीजन से पहले कुछ समय के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी भी संभाली थी। अगर यह ट्रेड पूरा होता है, तो यह जडेजा की राजस्थान रॉयल्स में भावनात्मक वापसी साबित हो सकती है।

दूसरी ओर, संजू सैमसन पिछले 11 वर्षों से राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इस सीजन के बाद खुलकर कहा था कि वह एक नया अध्याय शुरू करना चाहते हैं और फ्रेंचाइजी से रिलीज किए जाने की इच्छा रखते हैं। आरआर प्रबंधन अब उनके लिए एक मजबूत एक्सचेंज डील की तलाश में है, ताकि टीम को एक बड़ा ऑलराउंडर और एक युवा पेसर मिल सके। इस ट्रेड को अंतिम रूप देने के लिए दोनों फ्रेंचाइजी को कढछ गवर्निंग काउंसिल को औपचारिक रूप से अपनी रुचि (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) भेजनी होगी। इसके बाद खिलाड़ियों की लिखित सहमति मिलने पर, दोनों टीमें आपसी समझौते पर पहुंचेंगी। अंतिम मंजूरी लीग की गवर्निंग बॉडी देगी।


अगर यह सौदा पूरा होता है, तो यह आईपीएल के इतिहास में सबसे बड़े और चौंकाने वाले ट्रेड्स में से एक साबित होगा। राजस्थान को मिलेगा अनुभव और संतुलन, जबकि चेन्नई को एक भरोसेमंद विकेटकीपर-बल्लेबाज। फिलहाल, सभी की निगाहें इस डील पर टिकी हैं कि क्या जडेजा और सैमसन अपनी-अपनी नई जर्सी में 2026 सीजन की शुरूआत करेंगे या नहीं।

# गाजियाबाद आसपास




## यशोदा मेडिसिटी ने मनाया इंटरनेशनल इंफेक्शन प्रिवेंशन वीक 2025

### "Stand UPPP for Infection Prevention" थीम के साथ नर्सिंग टीम ने मरीज सुरक्षा का संदेश मजबूत किया





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** यशोदा मेडिसिटी में इस वर्ष इंटरनेशनल इंफेक्शन प्रिवेंशन वीक (IIPW) 2025 को वैश्विक थीम "Stand UPPP for Infection Prevention" के साथ मनाया गया। पूरे सप्ताह अस्पताल में ऐसे कार्यक्रम आयोजित हुए जिनका उद्देश्य संक्रमण रोकथाम और सुरक्षित उपचार प्रक्रियाओं के महत्व को और अधिक प्रभावी तरीके से सामने लाना था। इस दौरान नर्सिंग टीम ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए हाथ स्वच्छता, संक्रमण से बचाव और मरीज सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को सरल, स्पष्ट और आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। उनके प्रयासों ने इंफेक्शन प्रिवेंशन की जागरूकता को और प्रभावी बनाया।

कार्यक्रम में मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप, बैकवर्ड क्लास वेलफेयर एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उत्तर प्रदेश भी उपस्थित रहे। उन्होंने यशोदा मेडिसिटी द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की और नर्सिंग समुदाय के समर्पण को प्रशंसनीय बताया। इस अवसर पर डॉ. पी.एन. अरोड़ा, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, एवं डॉ. उपासना अरोड़ा, मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स भी उपस्थित रहीं। दोनों ने नर्सिंग टीम द्वारा किए गए योगदान और उनकी सक्रिय भूमिका की सराहना की।

यशोदा मेडिसिटी अपने सतत प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रमों और सुरक्षित उपचार प्रणालियों के माध्यम से मरीज सुरक्षा और संक्रमण से बचाव को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने कहा, 'इंफेक्शन प्रिवेंशन केवल एक चिकित्सा प्रक्रिया नहीं, बल्कि अस्पताल संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हर नर्स, हर डॉक्टर और हर हेल्थकेयर वर्कर की जागरूकता से ही हम मरीजों को सुरक्षित और बेहतर उपचार उपलब्ध करा सकते हैं। यशोदा मेडिसिटी इसी दिशा में निरंतर काम कर रहा है।'

## एमएमजी अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर की संविदा भर्ती, 12 नवम्बर को वॉक-इन इंटरव्यू




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला एम.एम.जी. चिकित्सालय ने जानकारी दी कि ए.आर.टी. सेंटर में मेडिकल ऑफिसर के एक पद पर संविदा नियुक्ति हेतु वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा।

संयुक्त निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, लखनऊ के निदेर्शानुसार यह इंटरव्यू 12 नवम्बर 2025, प्रातः 11:00 बजे एम.एम.जी. चिकित्सालय, गाज़ियाबाद में होगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के समय अपने सभी मूल प्रमाणपत्र साथ लाना अनिवार्य है। चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि यह भर्ती वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संविदा आधार पर की जा रही है, और समस्त शर्तें राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, लखनऊ के निदेर्शानुसार लागू होंगी।

**पद विवरण:**
**पद का नाम:** मेडिकल ऑफिसर
**पदों की संख्या:** 01
**वेतन:** 72,000 रुपए प्रतिमाह
**शैक्षणिक योग्यता:** एमबीबीएस (राज्य चिकित्सा परिषद/NMC में वैध पंजीकरण सहित)
**अनुभव:** HIV/AIDS कार्यक्रम में कम से कम 6 माह का कार्य अनुभव अनिवार्य।
**वरीयता:** MD Medicine / Diploma in Medicine धारकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
**अन्य योग्यता:** कंप्यूटर और MS Office का अच्छा ज्ञान आवश्यक।




### किस जनप्रतिनिधि ने खरीदा है गजरौला में चालिस बीघा का फार्म हाउस

वैसे तो देश का सीन ये है कि बेरोजगार युवा नौकरी के फार्म नहीं भर पा रहे और जो लोग जनसेवा करने के लिए आये और जनप्रतिनिधि बने उन सभी ने फार्म हाउस खरीदे हैं। किसी का मुरादनगर के आगें फार्म हाउस है। किसी का नदिया के उस पार फार्म हाउस है तो किसी का मसूरी के पास फार्म हाउस है। राजनीति केवल जनसेवा नहीं है ये अगर फल जाये तो फिर फूलों के साथ फल भी आते हैं। किस्सा उस फार्म हाउस का गूंज रहा है जिसकी जमीन का क्षेत्रफल 40 बीघा है। गज वाले एरिए में इस फार्म हाउस को एक भगवा जनप्रतिनिधि ने खरीदा है। अब जनप्रतिनिधि गज के हैं या गाजियाबाद के, ये सस्पेंस है। लेकिन ये सब जानते हैं कि गाजियाबाद और नोएडा से इस इलाके का कितना डिस्टेंस है। रजिस्ट्री वाले सूत्र बता रहे हैं कि रजिस्ट्री तो बेटी के नाम हुई है और जमीन वाले बता रहे हैं कि पक्का पैसा दमाद जी के खाते से आया है और कच्चा पैसा जनप्रतिनिधि के थैले से निकला है। फिलहाल फार्म हाउस का ये जिन्न बोतल से बाहर निकला है। अब गज वाले फार्म हाउस की चर्चा का इतना धुआं उठ रहा है तो मान कर चलो कुछ तो आग लगी है।

### गुप्ता के रैम्प को कब स्पर्श करेगा नगर निगम का बुल्डोजर

किस्सा फूल वालों में चला और देवतुल्यों ने कहा कि रूल इज रूल। फिर वो नाम सामने आ गया जिसने अनाज मंडी वाले खोखों की शिकायत की थी और पूरे मामले को तूल दिया था। निगम वाले भी बुल्डोजर लेकर आये तो नाला सफाई के नाम पर थे लेकिन उन्होंने साफ उन्होंने खोखे कर दिये थे। उधर वाले पंजाबी नेता कूदे और इधर वाले मुस्लिम दुकानदार आये। मामला टाउनहाल तक पहुंचा और सुना है कि अब माफी तलाफी का दौर चल रहा है। इसी बीच जब बात रूल को लेकर चली तो फूल वालों ने ही याद दिलाया कि जिस रूल से खोखे टूटे हैं वही रूल तो गुप्ता के रैम्प पर लागू होना चाहिए। अगर उनका रैम्प नाले के ऊपर आ गया है तो फिर निगम का फर्ज बनता है कि वो बुल्डोजर को यहां लाकर उसका पीला पंजा रैम्प पर स्पर्श कराये। अब बुल्डोजर जब आयेगा तब आयेगा लेकिन बड़ा सवाल ये है कि आम कारोबारी इन फूल वालों से और व्यापार मंडल वालों से दो गज की दूरी बनाकर रखे तो ठीक। शिकायत भी यही करेंगे और हिमायत भी यही करेंगे। बड़ी बात ये है कि तमाशा भी इनका और तमाशबीन भी ये ही।

### मोड वाले खोखों की कहानी में गोलू के साथ हो गया धोखा

एक बुल्डोजर है जो नदिया पार के वसुंधरा में जाकर झुग्गी बस्ती तोड़ देता है। एक बुल्डोजर है जो जान के मकान को ध्वस्त कर देता है। एक बुल्डोजर है जो अनाज मंडी में खोखे तोड़ देता है। मगर बात अगर मोड पर लगे खोखों की आ जाये तो ये बुल्डोजर अपना रूख मोड देता है। लोक निर्माण की जमीन पर निगम के खोखे कैसे वैध हो गये, ये जांच का विषय है। खोखों के नाम पर धोखों की कहानी सामने आई है। गोलू की बात कोरी गप्प नहीं है क्योंकि वो कोरी के साथ काम करता था। कोरी ने गोलू का भी एक खोखा निकलवाया और अपने पास रख लिया। गोलू ने जब कोरी से रोजगार के लिए खोखे की बात की तो टालमटोली शुरू हो गई। परेशान होकर गोलू ने सोनू से अपनी परेशानी बताई। तब ये बात सामने आई कि खोखा वाली कहानी में कुछ तो धोखा हुआ है। हालांकि गोलू की बात को भी कोरी सच्चाई नहीं माना जा सकता। खोका दिलवाने का दिलासा देना एक अलग बात है और खोखे के नाम पर रकम लेकर रख लेना एक अलग बात है। कौन सच बोल रहा है कौन झूठ बोल रहा है मुद्दा ये नहीं है। मुद्दा ये है कि मोड के खोखों के लिए क्या कोई अलग से निगम एक्ट में व्यवस्था की गई है। जिस नियम से मजार का अतिक्रमण तोड़ रहे हो, जिस नियम से बाजार के खोखे तोड रहे हो तो उसी नियम से किसी दिन मोड वाले इन खोखों की तरफ रूख करो साहब। पता तो चले किसने खरीदे हैं और किसने बेचे हैं।

## एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में 50वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर शतरंज प्रतियोगिता का भव्य समापन

### मुख्य अतिथि डॉ. अनिल अग्रवाल बोले, शतरंज मानसिक शक्ति और रणनीतिक सोच का खेल है



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में आयोजित 50वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर ओपन एवं 41वीं सब-जूनियर बालिका शतरंज प्रतियोगिता-2025 का भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अनिल अग्रवाल, ए.के. रायजादा, ए.के. वर्मा, अतुल कुमार निगम और आयुष सिंघल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि डॉ. अग्रवाल ने कहा कि शतरंज मानसिक शक्ति, अनुशासन और रणनीतिक सोच का खेल है जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है।

पुरस्कार वितरण में ओपन वर्ग में केरल के गौतम कृष्णा एच ने 90,000 रुपए जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, दिल्ली के रोशन जैन द्वितीय और महाराष्ट्र के सेरला प्रथमेश तृतीय रहे। वहीं बालिका वर्ग में त्रिपुरा की अरश्या दास प्रथम, कर्नाटक की प्रतिती बोरडोलोई द्वितीय और अकश्या सेठ तृतीय स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक, प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन भारत में शतरंज के बढ़ते आकर्षण और युवाओं की प्रतिभा को दिशा देने वाला एक सफल मंच साबित हुआ।

## डीएम रविन्द्र माँदड़ का कड़ा संदेश – भू-माफियाओं पर होगी सीधी एफआईआर, बख्शा नहीं जाएगा कोई!

### जनसुनवाई में दिए सख़्त निर्देश – शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ही हमारी प्राथमिकता



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को हुई जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने अधिकारियों और कर्मचारियों को दो टूक चेतावनी दी – जनता की शिकायतों को गंभीरता से लें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनसुनवाई में नगर निगम, पुलिस, जीडीए, बिजली, स्वास्थ्य और राजस्व विभागों से जुड़ी शिकायतें आईं। डीएम ने सभी प्रार्थियों की समस्याएँ ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को सख़्त निर्देश दिए कि हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य मामलों का मौके पर जाकर समाधान करें और समाधान के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक लें।

जिलाधिकारी माँदड़ ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई प्रशासन की जनता से सीधी कड़ी है। यदि किसी विभाग ने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही की तो कार्यवाही तय है। उन्होंने कहा, जनसुनवाई जनता का भरोसा है, इसे हल्के में लेने की गलती कोई न करे।

**डासना में अवैध कब्जे पर त्वरित एक्शन, दर्ज होगी एफआईआर**

ग्राम डासना (खसरा संख्या 1382, 1383) की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तुरंत एक्शन लिया और संबंधित अधिकारी को भू-माफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा, किसी भी भू-माफिया, भ्रष्टाचारी या धोखाधड़ी करने वाले को किसी भी प्रकार की रियायत नहीं मिलेगी। दोषी पाए जाने पर सख़्त से सख़्त कार्रवाई होगी।

**वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति**

जनसुनवाई में एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. सन्तोष कुमार उपाध्याय एवं आईएएस अयान जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यह जनसुनवाई प्रशासन की सख़्त नीयत और पारदर्शी कार्यशैली की मिसाल बनी – संदेश साफ है, भू-माफिया हों या भ्रष्ट अधिकारी – गाज़ियाबाद में अब कोई नहीं बचेगा।

## एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में संपन्न हुई 44वीं जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप

### – फाइनल मुकाबलों में दिखा रोमांच, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने पंजाब के अरमान मेहता और महाराष्ट्र की प्रदन्या गाडख





**विजेताओं को मिले नकद पुरस्कार और ट्रॉफी**

बालक और बालिका दोनों वर्गों में –
- प्रथम स्थान प्राप्त टीम को 31,000 रुपए और ट्रॉफी,
- द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को 21,000 रुपए और ट्रॉफी,
- तृतीय स्थान प्राप्त टीम को 11,000 रुपए और ट्रॉफी प्रदान की गई।

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी यूनिवर्सिटी, गाज़ियाबाद में आयोजित 44वीं जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का रविवार को शानदार समापन हुआ। देशभर से आई बालक एवं बालिका टीमों ने रोमांचक मुकाबलों में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बालक वर्ग के फाइनल में पंजाब ने हरियाणा को सीधे सेटों में 21-14, 21-12 से पराजित कर चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। हरियाणा दूसरे और उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में महाराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को 21-18, 21-11 से हराकर विजेता का खिताब जीता। राजस्थान की टीम तीसरे स्थान पर रही। बालक वर्ग में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ी का खिताब पंजाब के अरमान मेहता को मिला, जबकि बालिका वर्ग में महाराष्ट्र की प्रदन्या गाडख को यह सम्मान दिया गया। दोनों खिलाड़ियों को 31,000 रुपए की नकद राशि दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि इंटरनेशनल शूटिंग बॉल फेडरेशन के संस्थापक चौधरी धर्मपाल सिंह रहे, जिन्होंने विजेता टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जीत राज तोमर ने सभी राज्यों की टीमों, प्रशिक्षकों और आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। शूटिंग बॉल एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख ने विजेता खिलाड़ियों और सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा – यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा का प्रदर्शन है, बल्कि खेल भावना, अनुशासन और एकता का प्रतीक भी है। उत्तर प्रदेश गर्व महसूस करता है कि उसने इतने बड़े राष्ट्रीय आयोजन की सफल मेजबानी की।




### पास वाले जिले से आए एक एसीपी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में एसीपी हैं तो आईपीएस अधिकारियों की लिस्ट लंबी होती जा रही है। प्रदेश वाली लिस्ट से फिर एक नाम आया है जिससे लोकल समीकरणों में बदलाव दिखेगा। इस लिस्ट से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक बदला हुआ है। यहां से ट्रैफिक में नंबर दो की पोजीशन वाले अधिकारी के ट्रांसफर के आदेश आए हैं। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में क्या परिवर्तन होगा। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पास के एक जिले से थ्री-स्टार से एसीपी बने अधिकारी की आमद हुई है। वो फिलहाल में ट्रैफिक पर ध्यान दे रहे हैं। तो उधर ट्रैफिक वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से यहां डीसीपी वाला पद आया है और एडीसीपी का तबादला हो गया है, उसके बाद आगे की संरचना क्या होगी, यह सस्पेंस बना हुआ है। पुलिस विभाग वाले सूत्र बता रहे हैं कि ना तो वर्तमान में कई थ्री-स्टारों पर सरकारी वाले वाहन हैं और ना ही उनके साथ वह



पुलिसकर्मी चल रहे हैं जो थ्री-स्टार आजकल साथ लेकर चलते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक की समस्या और इसे मजबूत बनाने के लिए तमाम तरीके के प्रयास अभियान और आयोजित हो रहे हैं लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी अभी भी बरकरार बताई जा रही है। उधर सूत्र बता रहे हैं की डीसीपी स्तर के अधिकारी के लिए नया कार्यालय लाइन में ही बनाया जा सकता है। तो वहीं वर्तमान में नंबर एक और दो की पोजीशन वाले साहब लोग एक ही कमरे को साझा कर रहे हैं। तो वहीं जो मुख्य एसीपी के साथ दो अन्य एसीपी हैं, वह अपने-अपने कार्यस्थल से ही कार्य संभाल रहे हैं। कुल मिलाकर जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अधिकारियों और पुलिस कर्मियों की संख्या में इजाफा हो रहा है, उस तुलना में इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़ोत्तरी न होने की वजह से पुलिस कर्मियों को दो-चार भी होना पड़ रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से इन दिनों ट्रैफिक में महिला सशक्तिकरण वाला अभियान चल रहा है, इसके परिणाम आने वाले दिनों में क्या होंगे, यह भी देखा जाना है। तो वही महिला पुलिस कर्मियों की संख्या में इजाफा कितना फायदेमंद और नुकसान वाला होगा ,उसकी समीक्षा भविष्य में होगी।

## 8 साल बाद भी हैंडओवर नहीं : गौड़ होम्स की नई आरडब्ल्यूए ने जिला प्रशासन को सौंपी शिकायत, टास्क फोर्स ने संभाला मामला

### सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में प्रशासन सक्रिय, नई तिथि जल्द घोषित होगी

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** गौड़ होम्स सोसाइटी, गोविंदपुरम की नई आरडब्ल्यूए ने बताया है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर 8 वर्षों बाद हुए चुनावों के बावजूद पूर्व कार्यकारिणी से हैंडओवर प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। सोसाइटी की नई टीम ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए ज़िला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की थी, जिस पर अब प्रशासन ने टास्क फोर्स गठित कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**मामले की पृष्ठभूमि – वर्षों से लटका हैंडओवर, 77 लाख रुपए से अधिक की देनदारी**

नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष अतुल त्यागी और सचिव कृष्ण बिष्ट ने बताया कि चुनाव संपन्न होने के बाद भी पूर्व अध्यक्ष मुकेश पाल सिंह और पूर्व सचिव अभिषेक त्यागी ने हैंडओवर नहीं दिया। सोसाइटी पर बिजली सहित 77 लाख रुपये से अधिक का बकाया भी पाया गया है। इस स्थिति के चलते निवासियों को अनेक प्रशासनिक और रखरखाव संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**प्रशासन ने संभाला मोर्चा – मजिस्ट्रेट नियुक्त, पुलिस बल की भी व्यवस्था**

नई आरडब्ल्यूए द्वारा दी गई शिकायत के बाद ज़िला प्रशासन ने सोसाइटी हैंडओवर मामलों के लिए गठित विशेष टास्क फोर्स को सक्रिय किया। सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में हुई बैठक में नायब तहसीलदार सदर आलोक यादव को मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया और 9 नवम्बर 2025 को पुलिस बल की मौजूदगी में हैंडओवर की तिथि तय की गई थी।




निर्धारित तिथि को पूर्व अध्यक्ष मुकेश पाल सिंह उपस्थित नहीं हुए, जबकि पूर्व सचिव अभिषेक त्यागी ने नोटिस लेने से भी मना कर दिया। इससे प्रशासनिक प्रक्रिया को टालना पड़ा।

**नई तिथि जल्द घोषित होगी – आरडब्ल्यूए का निवेदन**

आरडब्ल्यूए ने बताया कि नायब तहसीलदार आलोक यादव अब नई तिथि निर्धारित कर हैंडओवर की प्रक्रिया प्रशासनिक देखरेख में पूरी कराएंगे। नई कार्यकारिणी ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, हम चाहते हैं कि यह मामला जल्द सुलझे ताकि सोसाइटी के निवासियों को उनकी सुविधाएँ और अधिकार सही ढंग से मिल सकें। अब प्रशासन की निगरानी में न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

**आरडब्ल्यूए की अपील**

वर्तमान आरडब्ल्यूए ने सभी निवासियों से अपील की है कि वे इस प्रक्रिया में प्रशासन और कार्यकारिणी का पूरा सहयोग करें ताकि हैंडओवर की प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी की जा सके और सोसाइटी का संचालन पारदर्शी और जिम्मेदार ढंग से हो सके।

**जब सारा कार्यालय और रिकॉर्ड उनके पास है, तो हैंडओवर का सवाल ही नहीं : पूर्व अध्यक्ष एम.पी. सिंह**

पूर्व अध्यक्ष एम.पी. सिंह ने कहा कि 12 अक्टूबर 2025 को हुए चुनाव के अगले दिन, 13 अक्टूबर की सुबह लगभग 9 बजे से टीम जागृति के अतुल त्यागी और कृष्ण बिष्ट अपनी टीम के साथ बिना सूचना दिए मेंटेनेंस ऑफिस का कार्यभार अपने कब्जे में ले चुके हैं। उन्होंने बताया कि सभी सीसीटीवी कैमरों और पासवर्डों को बदल दिया गया, बैंक खातों में सिग्नेचर अपडेट कर भुगतान किए गए, वेंडरों के साथ मीटिंग कर कुछ कर्मचारियों को हटाया गया और नए रखे गए हैं। 13 अक्टूबर से अब तक का संपूर्ण कैश, चेक और सोसाइटी से जुड़े सभी दस्तावेज उनके पास हैं। एम.पी. सिंह ने स्पष्ट किया कि 2018 में जब हैंडओवर की प्रक्रिया लंबित थी, तब उनकी टीम ने कभी भी कार्यालय का नियंत्रण अपने पास नहीं रखा था। डिप्टी रजिस्ट्रार, मेरठ के निर्देश पर दोनों टीमों को मेरठ बुलाया गया था, जहाँ टीम जागृति के सचिव अनिल धामा ने राजेश सिंह को हैंडओवर दिया था, और वे सभी दस्तावेज आज भी राजेश सिंह के पास मौजूद हैं।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अफसरी लोकेशन राजनगर में केवल एक स्थान की नहीं है। लोकेशन राजनगर ही है और डेस्टिनेशन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का आवास है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पुलिस आयुक्त से कानून व्यवस्था की जानकारी ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने एक संदेश देती इस खास मुलाकात के इस पल को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



# वायु गुणवत्ता सुधार के क्रम में निगम ने पांचों जोन की 20 प्रमुख सड़कों को कराया दुरुस्त

## 30 करोड़ 84 लाख से निगम की प्रमुख सड़कों का कराया जा रहा है निर्माण

**नगर निगम की सड़कों को गड्ढा मुक्त तथा धूल मुक्त करते हुए वायु गुणवत्ता में किया जा रहा है सुधार : नगर आयुक्त**







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग वायु प्रदूषण की रोकथाम तथा वायु गुणवत्ता सुधार के लिए जुटे हुए हैं जिसमें निर्माण विभाग द्वारा भी एयर क्वालिटी मद से सड़कों के निर्माण कार्यों को कराया गया है तथा सड़कों को धूल मुक्त तथा गड्ढा मुक्त का अभियान भी चलाया है। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाली निगम की 20 सड़कों को दुरुस्त किया गया है, जिसमें सिटी जोन अंतर्गत पटेल नगर लाल चौक से आरके स्टील तक सड़क सुधार का कार्य कराया गया। हिंडन विहार मेट्रो स्टेशन से बाल्मीकि सभागार होते हुए गार्बेज फैक्ट्री तक सीसी रोड का कार्य कराया गया। कवि नगर जोन अंतर्गत चिरंजीव विहार में साइ मंदिर से सेक्टर 2 मार्केट होते हुए विजय कॉलेज तक सड़क सुधार का कार्य कराया गया। वार्ड संख्या 91 कवि नगर आई ब्लॉक की आंतरिक सड़कों का सुधार कार्य कराया गया, मानसरोवर पार्क कॉलोनी में हंसराज मार्केट तक सड़क सुधार कार्य कराया गया।

आरडीसी फ्लाईओवर के नीचे शौचालय से होते हुए जल निगम कट तक सड़क सुधार कार्य कराया गया। वार्ड संख्या 30 में बालाजी एनक्लेव के मुख्य मार्ग एवं कृष्ण गार्डन में सड़क सुधार का कार्य कराया गया। विजयनगर अंतर्गत वार्ड संख्या 35 अकबरपुर बहरामपुर में ग्रीन होटल से बसंत वाली तक सड़क सुधार का कार्य कराया जा रहा है। सीएसएचपी पब्लिक स्कूल से कृष्ण अपार्टमेंट से होते हुए प्रधानमंत्री आवास की कोने से दिशा मेडिकल स्टोर तक सड़क सुधार का कार्य कराया गया है, डूंडाहेड़ा में मैंन रोड जीटी ट्रांसपोर्ट से अंबेडकर भवन तक सड़क सुधार का कार्य कराया गया है सहायक गलियों में सीसी रोड का निर्माण भी कराया जा रहा है।

मोहन नगर जोन भोपुरा से सफेद गेट लोनी रोड तक सड़क सुधार कार्य कराया गया भोपुरा डिफेंस कॉलोनी में गुर्जर चौक पर सड़क सुधार कार्य कराया जा रहा है। वार्ड 78 शालीमार गार्डन अग्रवाल सीट से 80 फूटा तक क्षतिग्रस्त सड़क पर सुधार का कार्य कराया जा रहा है। वार्ड संख्या 5 गगन विहार में आंतरिक क्षतिग्रस्त रोड का सुधार कार्य जारी है, वार्ड संख्या 37 शालीमार गार्डन बी 25 तक शिव मंदिर वाली गली में सड़क सुधार का कार्य जारी है, वार्ड 60 श्याम पार्क में राजेंद्र नगर औद्योगिक क्षेत्र में आंतरिक क्षतिग्रस्त मार्गों को दुरुस्त करने का कार्य जारी है,वसुंधरा जोन में बृज विहार की मुख्य मार्ग एवं मुख्य मार्ग से जुड़े संपर्क मार्गों को भी दुरुस्त करने का कार्य जारी है, वार्ड संख्या 54 सेक्टर 11 वसुंधरा की क्षतिग्रस्त आंतरिक सड़कों के सुधार का कार्य जारी है।

गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा सड़क सुधार का कार्य वायु गुणवत्ता सुधार के लिए तेजी से कराया जा रहा है जिसमें 30 करोड़ 84 लाख से पांचों जोन अंतर्गत मुख्य मार्गों के साथ-साथ संपर्क मार्गों पर भी सीसी द्वारा सड़क सुधार का कार्य कराया जा रहा है। इंदिरापुरम क्षेत्र में भी निर्माण विभाग द्वारा 10 करोड़ की लागत से सड़क सुधार का कार्य कराया जा रहा है वायु गुणवत्ता सुधार में नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा अभियान के रूप में कार्य किया जा रहा है।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग शहर हित में लगातार वायु प्रदूषण कम करने के लिए प्रयासरत हैं, जहां पानी का छिड़काव अभियान के रूप में जारी है वही सड़क सुधार का कार्य भी लगातार चल रहा है जन सहयोग से वायु गुणवत्ता में सुधार का कार्य चल रहा है, निर्माण विभाग सड़कों पर पड़े हुए कंस्ट्रक्शन मैटेरियल को भी हटा रहा है, शहर में निगम की सड़कों को गड्ढा मुक्त तथा धूल मुक्त का कार्य भी कर रहा है।

# जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**बैठक में लगभग 45.00 करोड़ के प्रस्ताव प्रधान मंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु भारत सरकार द्वारा वितपोषित एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभागों से प्राप्त नवीन प्रस्तावों के अनुमोदन हेतु जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय समिति (डीएलसी) की बैठक में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के नवीन प्रस्तावों पर विचार विमर्श हुआ, उक्त बैठक में विधायक मोदीनगर मन्जू शिवाच, सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी साहित्य निकष सिंह द्वारा प्रारम्भ करते हुये समिति को पूर्व में निर्मित एवं पूर्ण परियोजनाओं के बारे जानकारी दी गई, जिसके उपरान्त जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के नवीन प्रस्तावों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा विकास खण्ड भोजपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिसकी लागत 1225.89 लाख है, युवा कल्याण विभाग द्वारा विकास खण्ड मुरादनगर के पतला में ग्रामीण स्टेडियम में मल्टी परपज हॉल, जिसकी लागत 492.00 लाख है, विकास खण्ड लोनी के ग्राम पंचायत भनेड़ा खुर्द जिसकी लागत 962.00 लाख है, विकास खण्ड रजापुर के अटौर नगला में मल्टीपरपज, हॉल, जिसकी लागत 492. 00 लाख है, विकास खण्ड रजापुर के ग्राम पंचायत मसूरी में मिनी स्टेडियम, जिसकी लागत 920.00 लाख है एवं विकास खण्ड भोजपुर के ग्राम पंचायत त्यौडी में मिनी स्टेडियम, जिसकी लागत 425.00 लाख है, का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे समिति द्वारा अनुमोदित कर दिया गया।

बैठक में उपस्थित विधायक मोदीनगर मन्जू शिवाच द्वारा ग्राम तलहैटा एवं किल्हौडा रघुनाथुपर में भी इसी प्रकार का मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य कराये जाने का निर्देश दिया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा जिला युवा कल्याण अधिकारी को उक्त योजनाओं तथा समस्त मिनी स्टेडियम एवं मल्टीपरपज हॉल का डी०पी०आर० यू०पी०पी०सी०एल० से 02 दिवस में गठित कराने के निर्देश दिये गये है।

बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा निर्देश दिया गया कि, सभी मिनी स्टेडियम में उपलब्ध भूमि के अनुसार सिन्थेटिक ट्रेक युक्त बनवाये जाये ताकि इनका सदुपयोग हो सके एवं जनपद की खेल प्रतिभाओं को उचित प्लेटफार्म मिल सकें। जिसे समिति द्वारा सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया।

बैठक में लगभग 45.00 करोड़ के प्रस्ताव प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत किये गये हैं, जिन्हें शासन को प्रषित किया जायेगा, जो शासन से अनुमोदित होने के उपरान्त भारत सरकार की नीति आयोग द्वारा स्वीकृत किया जायेगा।

# रंगीलो उत्तराखंड ने मनाया उत्तराखंड स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह





**उत्तराखंड।** इंदिरापुरम के नीति खंड-3 में रंगीलो उत्तराखंड टीम द्वारा उत्तराखंड राज्य गठन के गौरवशाली 25 वर्षों के उपलक्ष्य में भव्य रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंडी संस्कृति, लोकगीतों और पारंपरिक धुनों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का हृदय जीत लिया।

लोकगायकः मीना राणा, प्रकाश काहला, संगीतः मोती शाह , कविता प्रस्तुतिः हर्ष काफर, मुख्य अतिथिः डॉ. वसुधा पांडे, सेवानिवृत प्रोफेसर, लेडी श्रीराम कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) विशिष्ट अतिथियों में हरीश शाह (अध्यक्ष, कुमाऊं समाज सेवा समिति), मोहन सिंह नेगी (अध्यक्ष, धरोहर सामाजिक संस्था, इंदिरापुरम), शिवराज सिंह रावत, चंदन गुसाई और संजय चौहान (पहाड़ी घरात चौहान कैटरिंग एंड इवेंट ऑर्गनाइजर सर्विसेस) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं ने उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति, संगीत और परंपराओं को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

# शहर की हवा बदलने के लिए निगम संयुक्त रूप से चलाएगा महा अभियान

- सभी विभाग संयुक्त रूप से सड़कों पर वायु प्रदूषण के विरुद्ध चलाएंगे महा अभियान : नगर आयुक्त
- वायु गुणवत्ता सुधार हेतु उपकरणों के साथ सड़कों पर दिखेंगे विभाग, नगर आयुक्त ने अधिकारियों को दी सख्त हिदायत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर समस्त विभागीय अधिकारियों सहित विभागीय टीम के साथ चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की गई, जिसमें नगर आयुक्त द्वारा बढ़ते एयर क्वालिटी इंडेक्स पर समस्त विभागीय अधिकारियों को सड़कों पर संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए, निर्माण, स्वास्थ्य, जलकल विभाग से लेकर उद्यान विभाग को भी उपकरणों के साथ सड़कों का चयन करते हुए महा अभियान चलाने के लिए कहा गया। इसी के साथ नगर आयुक्त द्वारा बैठक में चल रहे रोड स्वीपिंग मशीन, वॉटर स्प्रिंकलर, मल्टी एंटी स्मोक गण, वॉटर टैंकर, जेट्टिंग मशीन के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की भी विस्तृत जानकारी ली गई जिसमें कार्य संस्थाओं को भी वर्चुअल के माध्यम से बैठक में जोड़ा गया।

लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए तथा मॉनिटरिंग को और अधिक प्रबल करने के लिए कहा गया। बैठक में उपस्थित अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को कार्य योजना बनाते हुए सभी अधिकारी विभाग सहित सड़कों पर तैनात रहकर वायु गुणवत्ता सुधार के लिए उपकरणों के माध्यम से कार्यवाही करेंगे सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।

नगर आयुक्त द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार के लिए कूड़ा जलाने वालों के विरुद्ध जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए, साथ ही अभियान के दौरान लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध भी विभागीय कार्यवाही करने की निर्देश अधिकारियों को दिए गए। कार्यदाई संस्थाओं को भी चेतावनी देते हुए महा अभियान में 24 घंटे शहर हित में कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, तथा संबंधित सभी विभागों की टीम को मॉनिटरिंग बढ़ाते हुए उपकरणों के साथ सड़कों पर उतरकर महा अभियान चलाने की हिदायत दी गई।

गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शहर हित में निगम अधिकारी संयुक्त महा अभियान सड़कों पर चलाएंगे जिसके लिए कार्य योजना बनाई जा चुकी है।

मुख्य मार्गों का चयन करते हुए रोस्टर के क्रम में जलकल विभाग स्वास्थ्य विभाग उद्यान विभाग निर्माण विभाग अधिकारियों सहित विशाल कार्यवाही वायु गुणवत्ता सुधार के क्रम में करने जा रहा है योजना के क्रम में प्रथम चरण में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर के 15 प्रमुख मार्गो का चयन किया गया है जिसमें रोटरी गोल चक्कर यूपी गेट, रोटरी गोल चक्कर से नंदग्राम हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन तक, रोटरी गोल चक्कर से नागद्वार तक, हिंडन एयर फोर्स से मेरठ रोड तक, अंबेडकर रोड, मोहन नगर मेट्रो स्टेशन से यूपी गेटतक, हापुर चुंगी चौराहा से ठाकुरद्वारा तक, हापुर चुंगी चौराहा से पुलिस लाइन तक, मेरठ तिराहा से गंगाजल प्लांट तक, हापुर चुंगी चौराहा से विवेकानंद नगर कट तक, डायमंड कट से ठल 24 तक, आरडीसी मोड़ से हिंट चौक तक, हापुर चुंगी से मेरठ रोड तक, ठाकुरद्वारा से मेरठ तिराहा तक, एनएच 24 से सीआईएसएऊ रोड होते हुए कानावनी मोड तक महा अभियान के रूप में गाजियाबाद नगर निगम संयुक्त रूप से भव्य कार्यवाही वायु गुणवत्ता सुधार के क्रम में करने जा रहा है जिसकी मॉनिटरिंग वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ नगर आयुक्त द्वारा भी की जाएगी, इसके अलावा जन सहयोग के लिए भी नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों से अपील की जा रही है।

# वैशाली वार्ड 89 में मनाया गया उत्तराखंड राज्य का स्थापना दिवस





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली, सेक्टर 5 में उत्तराखंड राज्य के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर वैशाली में आयोजित 'उत्तराखंडी कौतिक 2025' कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने शिरकत की। वही कार्यक्रम में पार्षद राजकुमार भाटी ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का स्वागत किया।

इस अवसर पर पार्षद राजकुमार भाटी ने मंत्रीजी को बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया और उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराओं के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति और विरासत हमें गर्व का अनुभव कराती है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस हमें राज्य के संघर्ष और विकास की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि राज्य की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तराखंड की पारंपरिक लोककला, संगीत और नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उत्तराखंड की संस्कृति और विरासत का आनंद लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष मदन बिष्ट महासचिव सविता गुसाईं उपाध्यक्ष मोहन बिष्ट कोषाध्यक्ष गोपाल चिलवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में 44 ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को दिए गए मैनेजमेंट के प्रशिक्षण






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोहन नगर स्थित आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को मैनेजमेंट की जानकारी दी गई। व्यवहारिक दृढ़ता और सार्वजनिक संवाद को सशक्त बनाना- विषय पर तीसरे प्रशिक्षण सत्र 44 ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के वाइस चेयरमैन ऑफ अर्पित चढ़ा और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने किया इस मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडे भी मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो प्रभावशाली सत्र आयोजित किए गए। पूर्वाह्न सत्र का विषय स्वयं पर नियंत्रण और सार्वजनिक व्यवहार तकनीक रहा। अपराह्न सत्र में कठिन परिस्थितियों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखना विषय पर ध्यान केंद्रित किया गया।

अधिकारियों ने सक्रिय रूप से रिलैक्सेशन ड्रिल्स, समूह चिंतन और तनाव-निवारण गतिविधियों में भाग लिया।सभी प्रशिक्षणार्थी काफी उत्साहित होकर पूरी तन्मयता के साथ सत्र के दौरान ज्ञान और बेहतरीन अनुभव प्राप्त किए।

# पांच साल के मासूम को कुत्ते ने काटा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित शिप्रा रिवेरा सोसायटी में कुत्ते के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार शाम सोसाइटी की पार्किंग में खेल रहे पांच साल के मासूम बच्चे को कुत्ते ने हाथ पर काट गंभीर रूप से घायल कर दिया। पार्किंग में मौजूद कुछ लोगों ने बच्चे को बचाकर उपचार के लिए भेज दीया। इससे लोगों में डर का माहौल है। बच्चे के हाथ पर गहरे दांत के निशान आए हैं। इससे सोसाइटी के लोगों में भय और आक्रोश फैल गया है। रविवार को करीब 150 लोगों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया और नगर निगम से कुत्तों को हटाने की मांग की। इसके बाद स्थानीय लोगों ने समस्या को लेकर बैठक की। बैठक में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई गई। वहीं आरडब्ल्यूए अध्यक्ष शिशिर ने बताया कि निर्धारित फीडिंग पॉइंट्स पर ही कुत्तों को खाना खिलाने के निर्देश दिए गए हैं और बाहरी कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए गेट नंबर तीन को सील किया जा रहा है।

# स्वर्ण जयंती पार्क के पास अतिक्रमण को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम नीतिखंड दो व तीन के बीच स्थित स्वर्ण जयंती पार्क के पास हो रहे अतिक्रमण को लेकर लोगों ने सोमवार रात विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि रोजाना दिन ढलते ही पार्क के पास अवैध रूप से रेहड़ी पटरी वाले अपनी दुकान सजा लेते हैं। इस कारण आवाजाही बाधित होती है। दुकानों से सामान खरीदने के लिए आने वाले लोग सड़क के बीच में ही अपना वाहन खड़ा कर सामान खरीदने लगते हैं। इसके चलते रोजाना जाम लगता है और राहगीरों को परेशानी होती है। प्रयास सक्सेना, धीरज शर्मा ने बताया कि बीती तीन रात से लगातार 15 से 20 लोग अतिक्रमण के विरोध में इकट्ठा होते हैं। सोमवार रात को भी कई लोगों ने इसका विरोध किया। यहां पर दुकानों के लगने से रोजाना जाम लगता है। इससे परेशानी होती है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि यह विरोध इंदिरापुरम को अतिक्रमणमुक्त करने के लिए है। इस विरोध प्रदर्शन में और लोगों को शामिल किया जाएगा।

# एसओआरटी योजना के तहत कौशांबी में पांच आधुनिक एरोबीन का शुभारंभ हुआ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी स्थित कैलाश व त्रिशूल टावर में सोमवार को इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल संगठन द्वारा एसओआरटी योजना के तहत पांच आधुनिक एरोबीन का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा किया गया। इस दौरान पार्षद ने स्थानीय लोगों से अपील करी की क्षेत्र को साफ रखने में नगर निगम का सहयोग करें पॉलिथीन का प्रयोग ना करें। सड़कों पर जगह-जगह गाय का खाना ना डाले इससे गंदगी फैलती है। इस अवसर पर मनीषा द्वारा नाटक के माध्यम से बताया गया कि कैसे हमें गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग करना है। कार्यक्रम में आरके धर, केवल सेठी, उषा अग्रवाल, जगमोहन शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जन्म शताब्दी पर 'बारादरी' की महफिल में याद किए गए कृष्ण बिहारी नूर

## इरफान आजमी, गुलशन, मासूम, 'सहर', और 'नूर' ने पेश की विरासत की मिसाल







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शायर कृष्ण बिहारी नूर की 100वीं जयंती पर आयोजित 'महफिल ए बारादरी' में भाव पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम अध्यक्ष इरफान आजमी ने कहा कि नूर साहब की विरासत को इस देश की नहीं दुनिया की पहचान के तौर पर स्थापित करें। मुख्य अतिथि नीना 'सहर' ने कहा कि आधुनिक शायरी में गंगा-जमुनी तहजीब को नूर साहब ने बुलंदियों पर पहुंचाने का काम किया। संस्था के अध्यक्ष गोविंद गुलशन ने कहा कि तहजीब के शहर लखनऊ से आए नूर साहब ने हिंदी उर्दू शायरी को एक अलग तहजीब दी।

खुर्रम 'नूर', जगदीश पंकज, बी. के. वर्मा 'शैदी', सुधा गोयल, वेद प्रकाश 'वेद', वी.के.शेखर, रवि पाराशर, विपिन जैन, डॉ. तारा गुप्ता, अनिमेष शर्मा 'आतिश', ईश्वर सिंह तेवतिया, ताबिश खैराबादी, असलम राशिद, डॉ. रणवीर सिंह परमार, इंद्रजीत सुकुमार, सुधा गोयल, संजीव शर्मा, संजीव निगम 'अनाम', प्रदीप भट्ट, डॉ. नरेंद्र शर्मा, शोभना श्याम, डॉ. राजेश श्रीवास्तव 'राज', सोनम यादव, मनीषा जोशी, दीपक कुमार श्रीवास्तव 'नीलपद्म', उषा श्रीवास्तव, विनोद तोमर, विनय विक्रम सिंह, पवन कुमार तोमर, विवेक वशिष्ठ, तूलिका सेठ, कपिल खंडेलवाल, की रचनाएं भी भरपूर सराही गईं।

इस अवसर पर डॉ. स्मिता सिंह, पंडित सत्यनारायण शर्मा, राधा रमण, मोनी गोपाल 'तपिश', डॉ. संजय जैन, डॉ. उर्वी उदल, डॉ. सुमन गोयल, राष्ट्र वर्धन अरोड़ा, वागीश शर्मा, हेम कृष्ण जोशी, राकेश मिश्रा, वीरेंद्र कुमार राठौर, शकील अहमद सैफ, अक्षयवर नाथ श्रीवास्तव, शरवत उस्मानी, उत्कर्ष गर्ग, आशीष मित्तल और शशिकांत भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

## क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया पहुंचे दैनिक करंट क्राइम के डिजीटल मुख्यालय






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया सोमवार को करंट क्राइम डिजीटल मुख्यालय नोएडा पहुंचे। यहां उनका स्वागत करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, समाचार संपादक दीपक भाटी ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया और समाचार संपादक दीपक भाटी के बीच हुए एक साक्षात्कार में विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। करंट क्राइम के डिजीटल मुख्यालय पर डिजीटल हैड दीपक जोशी, सुब्रत भट्टाचार्य एवं अन्य स्टॉफ ने क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया का स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने करंट क्राइम डिजीटल जर्नलिज्म की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक ऐसा प्लेटफार्म है जो जनहित और समसामयिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाता है।

## गाजियाबाद में मतदान केन्द्रों की नई सूची जारी
## 16 नवम्बर तक दें अपने सुझाव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों की नई प्रस्तावित सूची का आलेख्य जारी कर दिया गया है।

यह सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची की प्रति उपलब्ध कराई गई है ताकि वे अपने लिखित सुझाव या आपत्तियाँ दे सकें।

जिलाधिकारी मॉंदड़ ने कहा, मतदाताओं की सुविधा और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए मतदान केन्द्रों का सही निर्धारण आवश्यक है। इसलिए नागरिकों से भी सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। मतदान केन्द्रों की यह सूची 10 नवम्बर से एक सप्ताह तक जनसामान्य के अवलोकन हेतु



प्रकाशित रहेगी।

यदि किसी को कोई सुझाव या आपत्ति हो तो वे 16 नवम्बर 2025 तक निम्न कार्यालयों में लिखित रूप में जमा कर सकते हैं –

- **जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी कार्यालय, गाज़ियाबाद**
- **संबंधित उप जिलाधिकारी या तहसीलदार कार्यालय**

यह पहल मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखकर की गई है ताकि आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान प्रक्रिया और अधिक सुचारु व सुलभ बन सके।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बता रहे हैं पिक्चर में अचानक बढ़ेगा ठाकुर चेहरे का क्लेम? उपाध्यक्ष वाले मैटर में मिलनी है उनको फेम? फिलहाल तो वो खेल रहे हैं इमोश्नल वाला गेम? देखना अच्छा होने वाला है उनका टेम? सौलंकी जी हैं बहुत ही स्मार्ट पोलीटिशयन? देखना वो नहीं बनने देंगे हैवीवेट पॉवर लेकर चौधरी साहब का गेम?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के भगवा सरदार ने पंकज भैया को बुलाकर प्रताप जी वाला कार्यक्रम किया बहुत ही जोरदार? कार्यक्रम अपना था तो उन्होंने धुंआ उठा दिया था यार? मगर हो रही है क्षेत्र में इस वक्त चर्चाएं आम? तब कहां गया था भाटी जी का जज्बा? जब मौहल्ले में हुआ था पार्टी का वंदे मातरम वाला प्रोग्राम? तब तो नहीं दिखी थी हमें इनमें सक्रियता की आग? इसका मतलब ये अपने ही कार्यक्रम को देते हैं ज्यादा भाव?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** लगता है इस निगम वाले पूरे कार्यकाल में जाकिर सैफी का दर्द ही आयेगा बाहर? उनके वार्ड में काम नहीं होने के अक्सर प्रकट होंगे विचार? सुना है पार्षद एसोसिएशन के ग्रुप पर वो लगातार लिख रहे हैं अपना दर्द? कह रहे हैं कि कई पार्षदों के वार्ड में करोड़ों के काम हो रहे हैं? हमारे वार्ड में तो नहीं हो पा रही है पार्षद निधि भी खर्च? कहने वाले ने कहा कुछ अलग करके दिखायें जाकिर भैया? कब तक यूं दुखड़े करते रहेंगे दर्ज?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने टटोला पार्षद एसोसिशन के शर्मा जी को और उनसे पूछा आपका पूरा टोला क्यों नही नजर आया मैम्बर चौधरी के विपरीत समय में उनके साथ? तब मैम्बर शर्मा ने बाहर निकाले अपने दिल के जज्बात? कहा मैम्बर चौधरी की ओर से हमसे नहीं किया गया कोई भी सम्पर्क? हम अपने आत्म सम्मान के बहुत पक्के हैं? जहां से नहीं आता है बुलावा, वहां नहीं कराते हैं हम अपनी उपस्थिति दर्ज?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** अक्सर भगवा कमांडर के दोस्त मिस्टर पहलवान छेड़ ही देते हैं कोई ना कोई तराना? नाम किसी का लेते नहीं मगर मार देते हैं ताना? फिर भी समझने वाले समझ जाते हैं सारी बात कि कमांडर के दोस्त के किसके लिए निकल रहे हैं अल्फाज? बारिशों में मेढक जल्दी निकल कर आ जाते हैं बाहर? बहुत आये बहुत गये? कुछ ऐसे प्रकट किये हैं रेस्लर ने अपने विचार? कुरेदोगे तो सच बतायें वो नाम भी खोलकर रख देंगे बाहर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन्दिरा जी वाले एरिया पर कुछ ज्यादा ही हो रहे हैं भगवा योद्धा मेहरबान? हम देख रहे हैं मिस्टर मीत और मिस्टर शर्मा को छोड़कर वो यहां के तमाम लोगों को दे रहे हैं काम? शुक्ला जी को एमएलसी चुनाव का सह संयोजक तो मित्तल जी को दी है उन्होंने कई तरह की जिम्मेदारी? मैम्बर धीरज को भी खिला देते हैं वो कभी कभी कार्यक्रम की पारी? मिस्टर जैन को भी वो देते हैं लगातार काम? कहने वाले ने कहा इन्दिरा जी वाले एरिया में इतना प्यार पहले तो नहीं बरसा श्रीमान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपसे कहते थे एक ही बात? होर्डिंग लगाओ और बन जाओ नेता भाई साहब? कम होता है खर्चा और होती है ज्यादा चर्चा? सालों की मेहनत को नहीं देना पड़ता है अंजाम? आपने देखा होगा हाल ही में एक भगवा नेता ने गाजियाबाद के हर क्षेत्र में होर्डिंग का अंकुर खिलाया था? उनकी इस मोहब्बत ने अच्छे अच्छों को हिलाया था? उस वक्त वो सिर्फ लिखते थे उन पर अपना नाम? मगर अब वो खुद को भाजपा नेता लिखकर दे रहे हैं नई बधाईयों को अंजाम? सालों के काम का उन्होंने कर दिया मामला तमाम?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** गर्ग साहब हो जायें जिस पर मेहरबान? फिर जलवे में कमांडर और जलसे में पहलवान? पहले वो कमांडर को लेकर चलते थे अपने साथ? आपने देखा आज कितने जबरदस्त हैं उनके अंदाज? अब कुछ इसी तरह की कृपा वो पहलवान पर जमकर रहे हैं बरसा? कहने वाले ने कहा देखना जरूर अब कोई बड़ी हसरत पूरी होने वाली है? नहीं लगेगा कोई अरसा?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** कुछ यहां पर समाजवादियों की भी कर लो बात? लगातार फेसबुक पर मिस्टर फैसल और मिस्टर वीरेन्द्र पर होती है तानों की बौछार? जहर की तरह पी लेते हैं वो इन विषैली बातों को? कभी भी पलट कर नहीं देते हैं जवाब? हम तो कर रहे है इस बात का खेद? उनकी बुराईयां करने में मैदान में आ गये हैं मिस्टर उम्मेद? फिर भी दोनों हैं पूरी तरह चुप? सच बतायें इनको पेशेंस ऑफ द ईयर का मिलना चाहिए पुरूस्कार? भैया जी को करना चाहिए इस मामले पर विचार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के ओबीसी नेता का महत्पूर्ण है लैटर? हम पूरी प्रमुखता से छापेंगे उनका मैटर? मगर यहां पर उनकी बड़ी परेशानी का हम कर रहे हैं इशारा? विधायक को लिखकर पत्र उन्होंने कहा है बंदरों के आतंक ने बदल दिया है हमारे क्षेत्र का नजारा? आप ही उठाओ इस पर कोई कदम? वन विभाग वाले निगम को और निगम वाले वन विभाग पर टालते हैं बात? बंदरों के आतंक ने बुरे किए हुए हैं हालात? विधायक जी मुझको आप पर भरोसा है? आप ही इस आतंक से बचा सकते हो साहब?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# भक्ति एवं तुषार गुप्ता को आशीर्वाद देने पहुंचे गणमान्य लोग

## अभिनेता चंकी पांडेय एवं नीरज सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने दिया नवयुगल को आशीर्वाद

























**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता के भतीजे और डायरेक्टर राजीव कुमार गुप्ता के सुपुत्र तुषार गुप्ता और भक्ति गुप्ता को दिल्ली में आयोजित आशीर्वाद समारोह में अनेक लोगों ने नवयुगल को उनके खुशहाल जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया। इनमें मुख्य रूप से अभिनेता चंकी पाण्डेय, नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष, मयंक गोयल, विधायक अजीत पाल त्यागी, संजीव शर्मा, पृथ्वी सिंह, पवन गोयल, अशोक मोंगा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिए सख्त निर्देश

### ग्रेप के प्रावधानों का सख्ती से किया जाए पालन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में बढ़ते वायु प्रदूषण के स्तर को देखते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने सोमवार को प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान के प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में उपाध्यक्ष ने कहा कि वायु गुणवत्ता सुधार के लिए इसे अभियान के रूप में संचालित किया जाए। उन्होंने सभी अनुभागों को संयुक्त रूप से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्राधिकरण की देखरेख वाली सभी कालोनियों में निरंतर, चार शिफ्टों में पानी का छिड़काव किया जाए, ताकि सड़कों पर उड़ने वाली धूल को नियंत्रित किया जा सके। इसके लिए आवश्यक उपकरण जैसे वॉटर स्प्रिंकलर, जेटिंग मशीनें, रोड स्वीपिंग मशीनें तथा एंटी-स्मोक गन का निरंतर उपयोग किया जाएगा।




### बिल्डर साइटों पर रखी जाएगी कड़ी निगरानी, प्राधिकरण की कालोनियों में निरंतर पानी का छिड़काव



**करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि बिल्डर साइटों पर विशेष निगरानी रखी जाए। प्रत्येक निर्माण स्थल पर ग्रीन नेट लगाई जाए, निर्माण सामग्री खुले में न रखी जाए तथा एंटी-स्मोक गन नियमित रूप से चालू रखी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बिल्डर साइटों और प्राधिकरण की परियोजनाओं पर धूल उड़ने से रोकने के लिए लगातार पानी का छिड़काव किया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रवर्तन और निर्माण अनुभागों को संयुक्त रूप से मॉनिटरिंग टीम बनाकर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्राधिकरण क्षेत्र में कहीं भी कूड़ा या वेस्ट मटेरियल न जलाया जाए। उपाध्यक्ष कलाल ने नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घरों और प्रतिष्ठानों के आसपास नियमित पानी का छिड़काव करें और धूल-धुआं मुक्त वातावरण बनाए रखने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण की शुद्धता हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे इस व्यापक अभियान का उद्देश्य शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार करना और नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है।



### आधुनिक मशीनों से सड़कों की सफाई और जन-जागरूकता करे तेज

**करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष ने अधिकारियों ने अवगत कराया कि प्राधिकरण की कालोनियों में वॉटर स्प्रिंकलर से नियमित दो शिफ्टों में पानी का छिड़काव किया जा रहा है। सेंट्रल वर्ज और ग्रीन बेल्ट क्षेत्रों में भी पानी के छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। इसके साथ ही भट्ठी जलाने वालों और खुले में कूड़ा जलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## विशेष पुनरीक्षण अभियान पर निर्वाचन विभाग सख्त

### बीएलओ को अन्य कार्यों से मुक्त कर प्राथमिकता से कराया जाएगा नामावलियों का सत्यापन

### अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट ने दिए निर्देश, 'घर-घर जाकर निर्वाचकों का सही पंजीकरण हमारी पहली जिम्मेदारी'



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** अपर जिलाधिकारी (वि/रा) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान जनपद गाज़ियाबाद में जारी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर निर्वाचकों से संपर्क कर गणना प्रपत्र भरने और नामों का सत्यापन किया जा रहा है।

### बीएलओ को मिलेगी पूरी स्वतंत्रता, अन्य कार्यों से किया जाएगा मुक्त

**करंट क्राइम।** अभियान की महत्ता को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि जिन कर्मचारियों को बीएलओ के रूप में नियुक्त किया गया है, उन्हें 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक अन्य विभागीय कार्यों से मुक्त रखा जाए ताकि वे निर्वाचन कार्यों पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित कर सकें।

### लापरवाही पर होगी कानूनी कार्रवाई

**करंट क्राइम।** अपर जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में बीएलओ के कार्य की नियमित समीक्षा करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित बीएलओ के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-32 के तहत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सौरभ भट्ट ने जनसामान्य से भी अपील की कि वे घर आने वाले बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें और सुनिश्चित करें कि उनके परिवार के सभी योग्य मतदाता नामावली में सही ढंग से दर्ज हों।

## शराब के नशे में युवक ने गाड़ी की छत पर लेटकर किया हंगामा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के मकनपुर गांव दौलत चक्की के पास एक युवक ने शराब के नशे में गाड़ी की छत पर लेटकर तेज म्यूजिक बजाकर हंगामा किया। स्थानीय निवासी नरेंद्र त्यागी ने बताया कि यह हंगामा लगभग एक घंटे से चल रहा था और पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई है। नरेंद्र त्यागी ने बताया कि युवक की इस हरकत से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हुई है। उन्होंने पुलिस से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

# पूर्व राष्ट्रपति यून की बढ़ीं मुश्किलें, उत्तर कोरिया के ऊपर ड्रोन्स उड़ाने के मामले में चलेगा मुकदमा

**सिओल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। दरअसल पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ उत्तर कोरिया के ऊपर ड्रोन्स उड़ाने के आरोप में मुकदमा चलेगा। आरोप है कि यून सुक योल ने दोनों देशों के बीच तनाव भड़काने और देश में मार्शल लॉ लगाने के फैसले को सही ठहराने के मकसद से उत्तर कोरिया के ऊपर ड्रोन्स उड़वाए थे। यून सुक योल ने राष्ट्रपति रहते हुए बीते साल दिसंबर में दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लगाने की कोशिश की थी। इसके तहत उन्होंने संसद में सैनिक भेज दिए थे। हालांकि वे इसमें सफल नहीं हो सके और महाभियोग की प्रक्रिया के बाद उन्हें राष्ट्रपति पद से हटा दिया गया था।







**यून के साथ ही उनकी सरकार के दो शीर्ष अधिकारियों पर भी चलेगा मुकदमा**

फिलहाल पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल जेल में बंद हैं और देश में मार्शल लॉ लगाने और बगावत की साजिश रचने के आरोयूपों में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। अब मौजूदा राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने यून सुक योल के खिलाफ उत्तर कोरिया के ऊपर ड्रोन्स उड़ाने और दोनों देशों के बीच तनाव भड़काने के आरोप में भी मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। यून के साथ ही उनकी सरकार के दो शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ भी मुकदमा चलाया जाएगा, जिनमें यून की सरकार में रक्षा मंत्री रहे किम योंग ह्यून, मिलिट्री खुफिया सर्विस के पूर्व कमांडर यिओ इन ह्युंग का नाम शामिल है।

> **यून सुक योल और दो अन्य अधिकारियों पर सत्ता के दुरुपयोग, दुश्मन को मदद पहुंचाने के आरोपों में मुकदमा चलाया जाएगा। उत्तर कोरिया ने अक्तूबर 2024 में दक्षिण कोरिया पर उनकी राजधानी प्योंगयांग के ऊपर ड्रोन्स उड़ाने के आरोप लगाए थे।**

**दोषी पाए गए तो उम्रकैद या मौत की सजा तक हो सकती है**

आरोप है कि यून सुक योल और दो अन्य अधिकारियों पर सत्ता के दुरुपयोग, दुश्मन को मदद पहुंचाने के आरोपों में मुकदमा चलाया जाएगा। उत्तर कोरिया ने अक्तूबर 2024 में दक्षिण कोरिया पर उनकी राजधानी प्योंगयांग के ऊपर ड्रोन्स उड़ाने के आरोप लगाए थे। इसके चलते दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था।

हालांकि हालात बिगड़े नहीं और धीरे-धीरे तनाव कम हो गया। जिन आरोपों के तहत पूर्व राष्ट्रपति और उनकी सरकार के अधिकारियों पर मुकदमा चल रहा है, उनमें दोषी पाए जाने पर मौत की सजा या उम्रकैद तक हो सकती है।

# आज ट्रंप से मिलेंगे सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा 1946 के बाद पहली बार किसी सीरियाई नेता की एंट्री

**वॉशिंगटन।** सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा आज यानी सोमवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ऐतिहासिक मुलाकात करेंगे। यह मुलाकात इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि 1946 में सीरिया की आजादी के बाद यह पहला मौका होगा जब कोई सीरियाई नेता व्हाइट हाउस पहुंचेगा। अहमद अल-शरा, जिन्होंने पिछले साल लंबे समय से सत्ता में रहे बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल किया था, कुछ ही दिन पहले अमेरिका की आतंकवाद सूची से हटाए गए हैं। कभी अलकायदा से जुड़े रहे शरा अब खुद को एक संयमित और व्यावहारिक नेता के रूप में पेश कर रहे हैं।



**'आतंकवादी से राजनेता तक का सफर'**

अंतरराष्ट्रीय संकट समूह के निदेशक माइकल हन्ना ने कहा शरा का यह दौरा उनके एक कट्टरपंथी से वैश्विक राजनेता बनने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। व्हाइट हाउस पहुंचने से पहले शरा ने क्टऋ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा से मुलाकात की, जिसमें युद्धग्रस्त सीरिया को आर्थिक मदद देने पर चर्चा हुई। इसके अलावा उन्होंने वाशिंगटन में सीरियाई संगठनों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की।

**अमेरिका से सहयोग की उम्मीद**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका, सीरियाई राजधानी दमिश्क के पास एक सैन्य अड्डा बनाने की योजना बना रहा है। इस सैन्य अड्डे का मकसद मानवीय सहायता के काम में समन्वय बताया जा रहा है। अमेरिका के विदेश विभाग ने पुष्टि की है कि अहमद अल शरा को आतंकवादी सूची से हटा दिया गया है क्योंकि शरा ने सीरिया में लापता अमेरिकियों का पता लगाने और बचे हुए रसायनिक हथियारों को खत्म करने की सहमति दी है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी अहमद अल शरा पर लगे प्रतिबंधों को हटा लिया था, जिसके बाद शरा ने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा को भी संबोधित किया। ऐसा करने वाले भी शरा पहले सीरियाई राष्ट्रपति हैं।

सीरिया 13 साल के गृहयुद्ध से तबाह है। विश्व बैंक के अनुसार, देश के पुनर्निर्माण की लागत लगभग 216 अरब डॉलर है। शरा इस मुलाकात में अमेरिका से आर्थिक सहायता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं। सीरियाई आंतरिक मंत्रालय ने हाल ही में बताया कि देश में इस्लामिक स्टेट के बचे हुए गुटों के खिलाफ 61 छापेमारी की गईं और 71 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# थाईलैंड ने कंबोडिया के साथ युद्धविराम निलंबित किया समझौता



**नई दिल्ली।** थाईलैंड ने सोमवार को घोषणा की कि वह कंबोडिया के साथ अमेरिकी मध्यस्थता में हुए युद्धविराम समझौते के तहत की जाने वाली सभी कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से रोक रहा है। यह निर्णय उस घटना के कुछ घंटे बाद आया, जब सीमा क्षेत्र में एक बारूदी सुरंग विस्फोट में दो थाई सैनिक घायल हो गए।

प्रधानमंत्री अनुतिन चारनवीराकुल ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति शत्रुता कम नहीं हुई है। इसलिए सभी कार्रवाइयां तब तक रुकी रहेंगी जब तक थाईलैंड की मांगें पूरी नहीं की जातीं।

थाई सेना के अनुसार, एक सैनिक ने गश्त के दौरान विस्फोट में अपना पैर खो दिया जबकि दूसरा घायल हुआ।

रक्षा मंत्री नत्ताफोन नार्कफनित ने कहा कि सेना जांच कर रही है कि यह बारूदी सुरंग पुरानी थी या नई बिछाई गई। थाईलैंड ने 18 कंबोडियाई सैनिकों की रिहाई को भी टाल दिया है, जो समझौते की शर्तों में शामिल था। वहीं, कंबोडिया ने सभी शर्तों को निभाने का दावा करते हुए थाईलैंड से अपने सैनिकों की रिहाई की अपील की है।


# फिलीपींस में फंग-वोंग तूफान का कहर, अब तक चार लोगों की मौत, 14 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित

**मनीला।** फिलीपींस में आया शक्तिशाली तूफान फंग-वोंग उत्तर-पश्चिमी हिस्से से गुजरते हुए भारी तबाही मचा गया। तेज हवाओं और लगातार बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन हुए, जिनमें कम से कम चार लोगों की मौत और 14 लाख से अधिक लोग बेघर हो गए। मौसम विभाग के अनुसार, तूफान अब उत्तर-पश्चिम दिशा में ताइवान की ओर बढ़ रहा है।

**भूस्खलन में दो बच्चों की मौत, सैकड़ों घर तबाह**

अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी कैटानडुआनेस प्रांत में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई, जबकि सामर प्रांत में एक महिला की घर ढहने से जान चली गई।

उत्तरी पहाड़ी इलाके नुएवा विजकाया में हुए भूस्खलन में दो बच्चों की मौत हो गई और उनके माता-पिता व एक अन्य बच्चा घायल हो गए। लगभग 1,000 घरों को नुकसान पहुंचा है और 132 से अधिक गांव जलमग्न हो गए। कई लोग अपने घरों की छतों पर फंसे रहे जब पानी अचानक बढ़ गया।



> **फिलीपींस में फंग-वोंग तूफान ने भारी तबाही मचाई है। तेज हवाओं और भूस्खलन से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 लाख से अधिक लोग बेघर हो गए।**

**बिजली गुल, सड़कें बंद और उड़ानें रद्द**

185 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं और भारी बारिश से कई प्रांतों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। 325 घरेलू और 61 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि करीब 6,600 लोग बंदरगाहों पर फंसे रहे क्योंकि कोस्ट गार्ड ने जहाजों को समुद्र में उतरने से मना कर दिया।

**राहत कार्य जारी, राष्ट्रपति ने लगाई आपात स्थिति**

फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने हाल ही में आए टाइफून कल्मैगी से हुई तबाही और फंग-वोंग के प्रभाव को देखते हुए आपात स्थिति घोषित की है। राहत और बचाव अभियान तेजी से जारी है, जबकि सरकार ने स्कूलों और सरकारी दफ्तरों को दो दिनों के लिए बंद रखने का आदेश दिया है।

फिलीपींस हर साल करीब 20 तूफानों की चपेट में आता है, साथ ही यहां अक्सर भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट भी होते रहते हैं। यह दुनिया के सबसे अधिक आपदा-प्रवण देशों में से एक माना जाता है।

# नेपाल के मनांग में तीन हफ्तों से लापता दो भारतीय पर्यटकों के शव मिले

**काठमांडू।** एक सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि 20 अक्तूबर से लापता दो भारतीय पर्यटकों के शव नेपाल के मनांग जिले से बरामद कर लिए गए हैं। हफ्तों की तलाश के बाद सुरक्षा बलों ने बर्फ में दबे भारतीय पर्यटकों के शव बरामद किए, जो लगभग तीन हफ्तों से लापता थे।

सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के अनुसार मृतकों की पहचान 52 वर्षीय जिग्नेश कुमार लल्लूभाई पटेल और 17 वर्षीय प्रियांशा कुमारी पटेल के रूप में हुई है। मृतकों के पिता-पुत्री होने की पुष्टि हुई है।

> **एपीएफ डीएसपी शैलेंद्र थापा ने कहा, बचाव दल हफ़्तों से लापता दोनों की तलाश कर रहा था**

एपीएफ डीएसपी शैलेंद्र थापा ने कहा, बचाव दल हफ़्तों से लापता दोनों की तलाश कर रहा था। 9 नवंबर को एपीएफ उपाधीक्षक हीरा बहादुर जीसी के नेतृत्व में एक पर्वतीय बचाव दल ने मठ से लगभग 100 मीटर ऊपर बर्फ में दबे उनके शवों को बरामद किया।₹

सुरक्षाकर्मियों के अनुसार दोनों 20 अक्तूबर को न्गिसयांग ग्रामीण नगर पालिका-4 स्थित ग्यालजेन होटल से यह कहकर निकले थे कि वे वार्ड संख्या 5 स्थित मालेरिपा मठ दर्शन के लिए जा रहे हैं। तब से उनका संपर्क नहीं हो पाया था। संपर्क टूटने के बाद, होटल ने मनांग स्थित एपीएफ के पर्वतीय बचाव प्रशिक्षण केंद्र को सूचित किया, जिसने तलाशी अभियान शुरू किया।

बता दें कि अक्तूबर में नेपाल में भयंकर बर्फीला तूफान आया था। अकेले मनांग जिले से ही सुरक्षा बलों ने भारी बर्फबारी और खराब मौसम के बाद फंसे हुए 1,500 से अधिक पर्यटकों को बचाया था।

# अमेरिका में तीन दिनों में 6000 से उड़ानें रद्द

## न्यूयॉर्क समेत चार एयरपोर्ट सबसे ज्यादा प्रभावित

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में जारी सरकारी शटडाउन का असर अब आम लोगों पर साफ दिखने लगा है। देश के हवाई अड्डों पर यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है, क्योंकि बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द की जा रही हैं या घंटों की देरी से चल रही हैं। शनिवार को अमेरिकी एयरलाइनों ने 1500 से ज्यादा उड़ानें रद्द कीं, वहीं रविवार को यह संख्या बढ़कर करीब 2900 तक पहुंच गई। यह फैसला अमेरिकी विमानन नियामक संस्था एफएए के आदेश के बाद लिया गया है, जिसके तहत स्टाफ की कमी के चलते उड़ानों की संख्या कम करनी पड़ी है।



**काम पर नहीं लौट रहे एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स**

दरअसल, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी), जो विमानों की उड़ान और लैंडिंग नियंत्रित करते हैं, लगभग एक महीने से बिना वेतन काम कर रहे हैं। इनमें से कई अब काम पर नहीं आ रहे हैं, जिससे उड़ानों की निगरानी पर असर पड़ रहा है।

सोमवार सुबह तक ही 1600 उड़ानें रद्द की जा चुकी थीं और मंगलवार के लिए करीब 1000 रद्द पहले से घोषित हो चुके हैं। एफएए ने बताया कि इस सप्ताह के अंत तक उड़ानों में 10 फीसदी तक की अनिवार्य कटौती करनी पड़ सकती है, ताकि सीमित स्टाफ के साथ सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। फिलहाल शनिवार-रविवार को 4 फीसदी कटौती की गई थी, मंगलवार से यह छह फीसदी हो जाएगी।

परिवहन मंत्री शॉन डफी ने चेतावनी दी है कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो उड़ानों में 20 फीसदी तक और कमी करनी पड़ सकती है। उन्होंने कहा, 'हर गुजरते दिन के साथ और कंट्रोलर काम पर नहीं आ रहे, क्योंकि उन्हें वेतन नहीं मिल रहा है।'

डफी ने यह भी स्वीकार किया कि सरकार पहले से ही एयर ट्रैफिक कंट्रोलर की कमी से जूझ रही थी, और अब यह शटडाउन उस समस्या को और गंभीर बना रहा है। कई वरिष्ठ कंट्रोलर ने सेवानिवृत्ति तेज कर दी है।


विशेषज्ञों का कहना है कि भले ही कांग्रेस आने वाले दिनों में समझौते पर पहुंच जाए, लेकिन हालात सामान्य होने में समय लगेगा। अगर शटडाउन जल्द खत्म नहीं हुआ, तो थैंक्सगिविंग हॉलिडे वीक तक हवाई यात्रा बहुत सीमित हो सकती है।

अमेरिका में सरकार के बंद रहने से न सिर्फ कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ा है, बल्कि अब यात्रियों को भी इसका सीधा खामियाजा भुगतना पड़ रहा है, रद्द उड़ानें, लंबी देरी और भीड़भाड़ वाले हवाई अड्डे। अगर कांग्रेस ने जल्द समाधान नहीं निकाला, तो आने वाले दिनों में अमेरिका का हवाई यातायात लगभग ठप पड़ सकता है।

# क्या फिर हिंसा की तरफ बढ़ा बांग्लादेश? अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के बैंक के बाहर धमाका

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सोमवार तड़के अज्ञात हमलावरों ने अंतरिम सरकार प्रमुख मोहम्मद यूनुस के ग्रामीण बैंक के मुख्यालय के बाहर कच्चे बम फोड़ दिए। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब देश में राजनीतिक तनाव लगातार बढ़ रहा है और राजधानी में छिटपुट हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। बता दें कि यूनुस ने 1983 में ग्रामीण बैंक की स्थापना की थी और गरीबी उन्मूलन व महिलाओं को सशक्त करने के प्रयासों के लिए उन्हें 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**बांग्लादेश में अन्य जगहों पर भी हमले:** सोमवार सुबह मोहम्मदपुर क्षेत्र में यूनुस की एक सलाहकार फरीदा अख्तर के स्वामित्व वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठान 'प्रबतार्ना' के सामने भी दो मोटरसाइकिल सवारों ने बम फेंके।




पुलिस के अनुसार, सुबह 7:10 बजे हुए इन धमाकों में दोनों बम जोरदार धमाके के साथ फटे, जिनमें से एक दुकान के अंदर जा गिरा। इसके अलावा, ढाका के धनमंडी क्षेत्र में भी मोटरसाइकिल सवारों ने इब्न सीना अस्पताल (जो जमात-ए-इस्लामी से जुड़ा बताया जाता है) के पास और एक बड़े चौराहे पर बम विस्फोट किए।

राजधानी में गोलीबारी की घटना ढाका के पुराने हिस्से में एक 50 वर्षीय व्यक्ति, जिसे सूचीबद्ध अपराधी बताया गया, की एक अस्पताल के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, यह व्यक्ति पहले भी 2023 में एक हमले से बच निकला था और 26 साल जेल में रहने के बाद जमानत पर रिहा हुआ था। इन घटनाओं के बीच राजधानी ढाका में सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी बढ़ा दी है। 13 नवंबर को बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ सुनवाई के बाद सजा की तारीख तय करने वाली है। हसीना पर पिछले साल के जुलाई विद्रोह को कुचलने के आरोप में मौत की सजा की मांग की गई है। उस आंदोलन में छात्रों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किए थे, जिसके बाद हसीना की सरकार गिर गई थी।

**सुरक्षा बलों की तैनाती और राजनीतिक स्थिति**

राजधानी में पिछले कुछ महीनों से अचानक प्रदर्शन आम हो गए हैं। पुलिस ने अब तक 3000 से अधिक प्रतिबंधित कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है।

# ट्रंप की राजनीतिक कृपा... खुद के सहयोगियों की दी माफी

## 2020 चुनाव को पलटने की साजिश में थे शामिल

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्व वकील रूडी जूलियानी, पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ मार्क मीडोज, वकील सिडनी पॉवेल और जॉन ईस्टमैन सहित कई सहयोगियों को बिना शर्त माफी दी है। इन सभी पर 2020 चुनाव को पलटने की साजिश में शामिल होने का आरोप था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब अपने दुश्मनों से निपटते हैं, तो वो पूरी ताकत लगा देते हैं अपनी बात मनवाने में। वहीं, अपने सहयोगियों पर जब भरोसा करते हैं, तो उनपर बिल्कुल मेहरबान हो जाते हैं। उनके आज के एक फैसले से ये बात बिल्कुल सच साबित होती है। दरअसल, ट्रंप ने अपने पूर्व निजी वकील रूडी जूलियानी, पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ मार्क मीडोज और कई सहयोगियों को माफी दे दी है। इन सभी पर 2020 के राष्ट्रपति चुनाव को पलटने की कोशिशों में शामिल होने के आरोप थे। न्याय विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है।



इस कदम से ट्रंप प्रशासन एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। न्याय विभाग के एक अधिकारी एड मार्टिन ने सोशल मीडिया पर इस माफी का आधिकारिक दस्तावेज साझा किया।

इसमें लिखा गया है कि राष्ट्रपति ने पूर्ण, संपूर्ण और बिना शर्त माफी दी है। इस माफी में रूढ़िवादी वकील सिडनी पॉवेल और जॉन ईस्टमैन के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने 2020 के चुनाव में ट्रंप के कानूनी मोर्चे पर काम किया था। हालांकि दस्तावेज में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि यह माफी स्वयं ट्रंप पर लागू नहीं होती।

### राजनीतिक प्रभाव और विवाद

अमेरिका में राष्ट्रपति माफी केवल संघीय अपराधों पर लागू होती है, जबकि ट्रंप के इन सहयोगियों पर कोई संघीय मामला नहीं चल रहा था। बावजूद इसके, इस कदम को 2020 चुनाव की हार के इतिहास को दोबारा लिखने की ट्रंप की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा पर हमला बताया है, जबकि ट्रंप समर्थक इसे राजनीतिक प्रतिशोध का सुधार कह रहे हैं।

### माफी में शामिल प्रमुख नाम

रूडी जूलियानी ने ट्रंप की कानूनी टीम का नेतृत्व किया था। चुनावी परिणामों को उलटने की कानूनी कोशिशों में सबसे आगे थे। वहीं, मार्क मीडोज व्हाइट हाउस के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी थे जिन्होंने चुनाव के बाद कई विवादित बैठकों में हिस्सा लिया। जॉन ईस्टमैन और सिडनी पॉवेल ने न्यायालयों में ऐसे तर्क दिए थे कि चुनाव में धांधली हुई है, हालांकि उनके सभी दावे अदालतों ने खारिज कर दिए थे।

### विपक्ष और व्हाइट हाउस की प्रतिक्रिया

व्हाइट हाउस ने इस पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं, अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डेमोक्रेटिक सांसदों ने ट्रंप पर आरोप लगाया है कि वे राष्ट्रपति पद का इस्तेमाल अपने राजनीतिक सहयोगियों को कानूनी सुरक्षा कवच देने के लिए कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि हालांकि यह माफी प्रतीकात्मक है क्योंकि कोई संघीय मामला लंबित नहीं था, लेकिन यह अमेरिकी न्याय व्यवस्था पर गहरी बहस को जन्म देती है।

# अमेरिका में भारतीय छात्रा की खांसी और सीने में दर्द के बाद मौत, पढ़ाई के बाद नौकरी तलाश रही थी युवती

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश में जुटी एक भारतीय छात्रा की अचानक मौत हो गई। आंध्र प्रदेश की रहने वाली 23 वर्षीय राज्यलक्ष्मी यर्लगड्डा (उर्फ राजी) कुछ दिनों से तेज खांसी और सीने में दर्द से परेशान थीं।



अमेरिका में हाल ही में स्नातक की उपाधि हासिल करने वाली और नौकरी की तलाश कर रही एक 23 वर्षीय भारतीय छात्रा की कथित तौर पर गंभीर खांसी और सीने में दर्द के बाद मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, आंध्र प्रदेश की राजलक्ष्मी यार्लागड्डा उर्फ राजी ने हाल ही में टेक्सास एएंडएम यूनिवर्सिटी कॉर्पस क्रिस्टी से स्नातक की उपाधि हासिल की थी, यह जानकारी टेक्सास के डेंटन शहर में उनके चचेरे भाई चैतन्य वाईवीके की तरफ से शुरू किए गए गोफंडमी अभियान से मिली।

### छात्रा के निधन से परिवार में पसरा मातम

राजी ने हाल ही में टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी, कॉर्पस क्रिस्टी से स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी और अपने करियर की शुरूआत करने की तैयारी कर रही थीं। उनकी अचानक मौत की खबर से परिवार और दोस्तों में गहरा सदमा है। उनकी चचेरे भाई चैतन्य वाईवीके ने अमेरिका के टेक्सास राज्य के डेंटन शहर से एक गोफंडमी अभियान शुरू किया है, ताकि राजी का पार्थिव शरीर भारत लाया जा सके और परिवार की आर्थिक मदद की जा सके।

### 'केवल खेती पर निर्भर है राजी का परिवार'

चैतन्य ने बताया, 'राजी बहुत होनहार और उम्मीदों से भरी हुई लड़की थी। उसका सपना था कि वह नौकरी करके अपने माता-पिता की खेती में मदद करे।' राजी के परिवार की आजीविका केवल खेती और पशुओं पर निर्भर है। वे आंध्र प्रदेश के बापटल जिले के करमचेडु गांव के रहने वाले हैं। परिवार के अनुसार, राजी को दो-तीन दिनों से खांसी और सीने में दर्द था। 7 नवंबर की सुबह जब उनकी अलार्म की आवाज आई, तो वो नहीं जागीं। जांच में पता चला कि उनकी मृत्यु हो चुकी थी।

### मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी

गोफंडमी अभियान में कहा गया है कि परिवार इस अकल्पनीय दुख से जूझ रहा है और सभी से सहायता की अपील की गई है। अब तक चल रहे इस अभियान के जरिए 1,25,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 1 करोड़ रुपये) जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे उनके अंतिम संस्कार, शिक्षा ऋण और परिवार की आर्थिक मदद की जा सके।